फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 330 प्रभात जयपुर, मंगलवार 5 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Emperor Akbar's Anger!!

Akbar's wrath did not abate, despite the whipping of two Rajputs who had been tardy in appearing, & their retainers. He next turned his attention to a more consequential target-the Kachwaha boy's uncle.

Theater: Lapat: Igniting the Fire Within

निकट भविष्य में ऑयल की कीमत 380 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी

अमेरिका के जाने-माने बैंक, जे.पी. मॉर्गन के इस आकलन से भारी संख्या में इकॉनमिस्ट सहमत हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। अमेरिका के जाने माने बैंक जे.पी. मार्गन ने सुझाव दिया है कि पैट्रोल की कीमतें जल्दी ही 380 डॉलर प्रति बैरल डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। बैंक ने अपनी भविष्यवाणी ऑयल मार्केट्स के ट्रैण्ड्स और बड़े उत्पादकों की सप्लाई के आधार पर की।

इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर विध्वंसकारी असर पड़ सकता है। भारत विशेष रूप से बुरी तरह से प्रभावित होगा क्योंकि देश को अपने ऑयल तथा गैस उपभोग का 75 से 80 प्रतिशत आयात करना होता है। देश को पैट्रोलियम पदार्थों की सतत सालानी का हमेशा ध्यान रखना पड़ता है।

करीब 4सौ डॉलर प्रति बैरल की ऑयल कीमत किसी भी सूरत में भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारत की बात छोड़िए, जो कि अब भी एक बेहतर स्थिति में हैं, कई अन्य उभरते व गरीब देश फिर से घोर गरीबी का शिकार हो सकते हैं।

- ऑयल की कीमत में इतनी भारी वृद्धि का मुख्य कारण है, रूस और यूरोपियन यूनियन के बीच चल रही आर्थिक युद्ध सी स्थिति।
- यूरोपियन यूनियन व अमेरिका द्वारा रूस से व्यापार करने के खिलाफ प्रतिबंध लगाने से, ऑयल की आवक कम हो गयी है बाजार में तथा कीमत धीरे-धीरे बढ़ रही है। पर जैसे ही विश्व की इकॉनमी की स्थिति में थोड़ा भी सुधार हुआ, ऑयल की कीमत में भारी उछाल आयेगा।
- रूस के साथ व्यापार पर लगे प्रतिबंध का भी उतना प्रभाव नहीं पड़ रहा। क्योंकि रूस सीधे ग्राहकों को ऑयल सप्लायी कर रहा है, हालांकि सप्लायी उतनी नहीं, जितनी प्रतिबंधों से पहले थी।
- पर, रूस ने ऑयल की कीमत बढ़ाकर अपनी आमदनी को गिरने नहीं दिया है और लम्बे समय तक युद्ध लड़ने की स्थिति में है।
- यूरोपियन यूनियन व अमेरिका ऑयल की कीमत पर सीलिंग लगाने की सोच रहे हैं, रूस को और दिक्कत में डालने के लिये।

जे.पी. मॉर्गन ने ध्यान दिलाया है कि ऑयल तथा गैस की सप्लाई में आ रहे व्यवधान मनोवेग बढ़ा रहे हैं और कीमतें वर्तमान में ऊपर जा रही हैं। तथापि इन मनोभावों में रूपान्तरण हो सकता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में थोड़ा सुधार आने पर तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

आयल मार्केट की खबरों ने संकेत दिया किया कि ग्लोबल ऑयल मार्केट्स में कीमतें कम होने का मनोभाव ऑयल की कीमतों में तेजी का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ऐसा मुख्यत: कोविड् वैश्विक महामारी के संभावित अंत और वैश्विक अर्थव्यवस्था में पुन: रिकवरी की बातों के कारण है।

इसके साथ ही रूस पर लगे व्यापक प्रतिबंध वहां से बाजारों में ऑयल के संभावित निर्यात के एक बड़े हिस्से को चलन से बाहर रखे हुए है। वास्तव में रूस अपने उत्पादित तेल को बेच रहा है, हालांकि ऐसा उत्पादक और खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष सम्पर्कों के कारण ही हो रहा है।

रूस पर लगे प्रतिबंध वैश्विक बाजारों को नुकसान पहुंचाने लग गए हैं और पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी तंगहाली में आ रही हैं। ऐसा रूस की नीति के कारण भी है जो यूक्रेन का समर्थन करने के कारण पश्चिमी देशों को दण्ड देना चाहता है।

प्रतिबन्ध लगाये जाने के परिणाम स्वरूप, अपनी नीतियों और रूख को बदलने के बजाय, रूस पश्चिमी को किये जाने वाले निर्यातों को नियन्त्रित करने में पहले से दोगुनी कमी कर रहा है। वह ऐसा आसानी से कर सकता है

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

पत्रकारिता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो

नई दिल्ली, 4 जुलाई। देश की राजधानी में पत्रकारों ने सोमवार को चिंता प्रकट करते हुए कहा कि सरकार को अपनी कानून प्रवर्तन एजेन्सियों को मनमाने तरीके से काम करने से रोकना

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- देश की राजधानी में प्रैस क्लब में हुई पत्रकारों की बैठक में केन्द्र सरकार से अपील की गई कि पत्रकारों के खिलाफ मनमानी कार्यवाही बंद की जाए।

बैठक रद्द

जयपुर, 4 जुलाई (का.प्र.)। राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बीमार होने के कारण 5 जुलाई को जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में होने वाली विधायक दल की बैठक को रद्द कर दिया गया है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- कांग्रेस विधायक दल की 5 जुलाई की बैठक और भोज को रद्द कर दिया गया है। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी यशवन्त सिन्हा के प्रचार हेतु आगमन पर बैठक होनी थी।

द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी पर भाजपा व यशवंत सिन्हा में लेई-देई शुरू

सिन्हा ने कहा, द्रौपदी मुर्मू विश्वास दिलायें कि वे ''रबड़-स्टाम्प'' राष्ट्रपति नहीं होंगी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। भाजपा, जो बयानों और टिप्पणियों को संदर्भ से अलग हटाकर, तोड़ने-मरोड़ने में सिद्धहस्त है, ने आज राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की इस अपील को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश की, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी द्रौपदी मुर्मू से कहा था कि वे यह पक्का करें कि राष्ट्रपति निर्वाचित हो जाने की स्थिति में वे ''रबर स्टाम्प राष्ट्रपति'' नहीं बनेंगी।

सिन्हा की इस अपील से परेशान एवं उत्तेजित होते हुये, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि से कहा कि वे राष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार पर उनकी ''रबर स्टाम्प राष्ट्रपति'' वाली टिप्पणी को लेकर, पलटवार करें।

रवि ने सिन्हा के शब्दों को तोड़ते-मरोड़ते हुये, आज कहा कि यह सोच ही कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति पद के लिये सामर्थ्यवान नहीं है, व्यक्ति की ''घिनौनी मानसिकता'' को दर्शाती है।

रवि उस प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे, जो सिन्हा द्वारा भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से की गई अपील से संबंधित था कि द्रौपदी मुर्मू, जो ओडिशा के आदिवासी समुदाय हैं, यह आश्वासन दें कि वे ''रबर स्टाम्प राष्ट्रपति'' नहीं बनेंगी।

रवि ने कहा, ''निश्चित रूप से, देश को रबर स्टाम्प राष्ट्रपति नहीं चाहिये, लेकिन इसके साथ ही, अपने दम पर आगे बढ़ी एक आदिवासी महिला, जो अपनी सामर्थ्य सिद्ध कर चुकी हैं, के खिलाफ एक झूठे दुष्प्रचार में लिप्त होने की मानसिकता खतरनाक है। ऐसी मन:स्थिति खतरनाक होती है जिसमें व्यक्ति केवल स्वयं को ही (किसी चीज या पद के) काबिल मानता है।''

बेंगलुरू में मीडियाकर्मियों से बात करते हुये, वे मुर्मू के विश्वासोत्पादक गुणों को साबित करते रहे ताकि जनता में उनके प्रति हमदर्दी की भावना पैदा हो तथा लोगों को यह लगे, मानो सिन्हा ने उन्हें पीड़ा पहुँचाई है, उन पर अत्याचार किया है। रवि ने कहा, ''मुर्मू, जो

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रत्युत्तर में कटाक्ष किया कि, सिन्हा का यह सोचना कि, वो ही निष्पक्ष व योग्य राष्ट्रपति हो सकते हैं, कोई आदिवासी महिला नहीं, एक विकृत सोच का द्योतक है।
- यशवन्त सिन्हा ने यह भी कहा कि, भाजपा, ई.डी. व इन्कम टैक्स को उपयोग कर रही है, अपने प्रतिद्वंद्वियों को ठिकाने लगाने के लिये। भाजपा के महासचिव ने कहा, जो ईमानदारी से व्यापार/काम करते हैं उन्हें ई.डी./आयकर का कोई भय नहीं होता। पर, जो भ्रष्ट हैं उन्हें जरूर ई.डी. व इन्कम टैक्स का भय सताता रहता है।

जापान में लू

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जुलाई। जापान सबसे भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। वहां के अधिकारी जनता से अनुरोध कर रहे हैं कि वे लू से बचने के लिए अपने एयर कंडीशनर्स चालू रखें। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर कहती है कि ऐसा करने से पावर सप्लायी में कमी आ सकती है।

जापान की वृद्ध आबादी लू और थकावट के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है और अधिकारियों ने लू को कई मौतों का कारण माना हैं।

- जापान अब तक की सबसे भीषण गर्मी का सामना कर रहा है, वहां भारी लू चल रही है।

अस्तपतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही के दिनों में लू और थकावट के लक्षणों वाले 4 हजार 5 सौ से अधिक लोगों को एम्बूलैंसों में अस्पताल ले जाया गया। यह आंकड़ा एक वर्ष पूर्व की इसी अवधि से चार गुना अधिक है। अधिकांश मरीज 65 से अधिक उम्र के थे।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं को डिज़ायर की आवश्यकता क्यों पड़े'

कांग्रेस के विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने उठाया डिज़ायर सिस्टम पर सवाल

जयपुर, 4 जुलाई (का.प्र.)। राजस्थान में सरकार ने तबादलों से बैन हटा दिया है और इन दिनों मंत्री-विधायकों के यहां तबादला कराने के इच्छुक कर्मचारियों और उनके परिजनों का आना-जाना लगा हुआ है, लेकिन कांग्रेस सरकार में परंपरा बन चुकी है जिसके तहत तबादला चाहने के इच्छुक कर्मचारियों को क्षेत्रीय विधायक,या हारे हुए कांग्रेस उम्मीदवार की डिजायर कराना जरूरी होता है, अन्यथा उसकी ट्रांसफर एप्लीकेशन को कचरे के डिब्बे में डाल दिया जाता है। इसी डिजायर सिस्टम को लेकर कांग्रेस के विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने सवाल उठाए हैं और कहा है कि जो कार्यकर्ता लंबे समय से पार्टी में काम कर रहा है, उसे अपने परिजनों का काम कराने के लिए किसी भी विधायक की डिजायर की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

- सोलंकी ने कहा, पार्टी का लंबे समय से कार्यकर्ता हो, पूर्व प्रधान हो, ब्लॉक अध्यक्ष हो उसके लिए डिज़ायर की जरूरत क्यों।
- वेद सोलंकी बोले- मुख्यमंत्री बहुत बातें कहते हैं, सभी से हम सहमत हों, जरूरी नहीं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई के बाद सोलंकी ने कहा कि ''प्रदेश कांग्रेस में जनसुनवाई शुरू हुई है, इसका मैं स्वागत करता हूं। यहां बहुत सारे लोगों का काम हो रहा है और यह भी देख रहा हूं कि कई पुराने कार्यकर्ता अपने परिजनों के तबादले कराने को लेकर परेशान हो रहे हैं, लेकिन हर विभाग के मंत्री की ओर से तबादला कराने के लिए डिजायर मांगी जा रही है।'' वेद सोलंकी ने कहा कि ''मेरा मानना है और मैं हमेशा कहता रहा हूं कि जो कांग्रेस कार्यकर्ता लंबे समय से पार्टी में काम कर रहा है, जो ब्लॉक अध्यक्ष रहा हो, प्रधान रहा हो, पूर्व विधायक हो, पार्टी का प्रत्याशी बनने से रह गया हो, लेकिन पार्टी का चेहरा हो, ऐसे लोगों के लिए अपने परिजनों का तबादला कराते समय किसी भी विधायक की डिजायर की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।''

यदि कांग्रेस से यह सिस्टम हट जाएगा तो कार्यकर्ताओं का मनोबल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'वैभव गहलोत क्या रामेश्वर डूडी की राजनीतिक हत्या करना चाहते हैं?'

आर.सी.ए. से नागौर जिला क्रिकेट संघ के निलंबन के बाद सचिव राजेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया

जयपुर, 4 जुलाई (का.प्र.)। राजस्थान में क्रिकेट की लड़ाई के जरिए अब राजस्थान कांग्रेस के भीतर का संघर्ष भी तेज हो सकता है। राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव गहलोत ने जिस नागौर क्रिकेट संघ को निलंबित किया है, उसके अध्यक्ष रामेश्वर डूडी हैं, जो फिलहाल राजस्थान सरकार में ना सिर्फ कैबिनेट मंत्री हैं, बल्कि बीकानेर संभाग के जाट नेता भी है।

नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर जिला क्रिकेट संघ के निलंबन के बाद नागौर जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेंद्र सिंह नंदू ने आरोप लगाया है कि रामेश्वर डूडी नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं और उनकी राजनीतिक हत्या करने के लिए ही नागौर जिले को निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिस समय रामेश्वर डूडी आरसीए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ना चाहते थे, उस समय भी उन्हें नामांकन भरने से वंचित किया गया था। ऐसे में अब जब डूडी की अध्यक्षता वाले जिले का निलंबन हुआ है तो कांग्रेस में इसे लेकर संघर्ष हो सकता है।

- आर.सी.ए. को भ्रष्टाचार का अड्डा भी बताया, नागौर क्रिकेट के सचिव राजेन्द्र सिंह नंदू ने।

सोमवार को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष जनरल बॉडी की हंगामेदार मीटिंग में सबसे पहले नागौर, श्री गंगानगर और अलवर जिलों के संघों को निलंबित करने का फैसला किया गया। इस दौरान नागौर जिला संघ के सचिव राजेंद्र सिंह नांदू ने आरसीए को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए खूब हंगामा किया। उन्होंने कहा कि ''राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है और जिस भी क्रिकेट संघ का पदाधिकारी इनके खिलाफ बोलता है,, यह लोग उस पर कार्रवाई करने लग जाते हैं। राजेंद्र ने कहा कि, हम नियमों के आधार पर सलैक्ट होकर यहां पहुंचे हैं। लेकिन यह लोग भूल गए कि वक्त सबका आता है। जब हमारा वक्त आएगा तब हम उनके काले कारनामों को सार्वजनिक कर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।''

दूसरी ओर इन आरोपो पर आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि इन लोगों के काम की वजह से आरसीए पर बीसीसीआई का एक लंबा बैन लग चुका है। ऐसे में हम नहीं चाहते की दोबारा ऐसी कार्रवाई का सामना करना पड़े। इसलिए जब तक जिला संघों को लेकर इनका स्पष्ट जवाब नहीं मिलता है। तब तक इन तीनों ही जिला संघों को निलंबित करने का सर्व सम्मति से फैसला लिया गया है।

वैभव गहलोत ने बताया कि मीटिंग में जिला संघों को मिलने वाली राशि को बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख करने का

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

दुरात्मा के लिए देश भक्ति अंतिम शरण है। –जॉन्सन

जनता की समस्याओं से बेखबर सरकार

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सरकार से यह अपेक्षा रहती है कि वह जनता की समस्याओं को अच्छी तरह समझे और उनके निराकरण का निरंतर प्रयास करे। वर्तमान समय में इसका विपरीत होता दिखाई देता है। जनता की समस्याओं से सरकार का कोई संबंध नहीं रहा है और सरकार केवल घोषणा मात्र करके अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेती है। आम जनता दिन-प्रतिदिन समस्याओं से जूझती है किन्तु उसके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इसे स्पष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण देना उपयुक्त होगा।

वर्षा का मौसम प्रारंभ हुआ ही है किंतु सड़कें जगह-जगह पर टूट गई हैं और पानी के निकास की समुचित व्यवस्था न होने से सड़क पर चलते समय यह पता नहीं रहता कि पानी के नीचे खड्डे तो नहीं है। वाहन चालक अथवा पैदल व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका से ग्रस्त रहता है। वर्षों से यह समस्या चली आ रही है। बरसात का पानी जमा हो जाता है और घंटों तक वह यातायात को बाधित कर देता है। दुनिया देश के कई शहरों में देखा गया है कि चाहे कितनी भी बरसात हो, पानी के निकास की व्यवस्था इतनी अच्छी होती है कि कुछ ही समय बाद सड़कों पर पानी नहीं रहता। इससे जहां आवागमन सुगमता से चलता रहता है, वहीं सड़कें भी लंबे समय तक अच्छी बनी रहती हैं। इस छोटी सी समस्या का, पता नहीं क्यों, तथाकथित उच्च शिक्षित इंजीनियर अभी तक समाधान नहीं कर पाए हैं।

वर्षा ऋतु में सड़क के टूटने से कितनी दुर्घटनाएं होती हैं, यह जानकारी सरकार द्वारा सार्वजनिक की जाए, तो वह चौंकाने वाली होगी। सड़कें यदि वर्षा के पहले ठीक कर दी जाएँ और पानी के निकास की उचित व्यवस्था हो तो कोई कारण नहीं कि जयपुर एवं अन्य शहरों में पानी के भराव की और सड़कों के टूटने की समस्या का निराकरण न हो सके।

इसी प्रकार, प्रतिवर्ष नालों की सफाई समय पर न होने की समस्या मीडिया द्वारा सामने लाई जाती रही है किंतु स्थिति ऐसी होती है 'जैसे ढाक के तीन पात'। नाले सामान्यतया मॉनसून आने के बाद नालों की सफाई का काम प्रारंभ किया जाता है। नाले से निकाली गई गंदगी के ढेर नालों के पास कई दिनों तक वहां से नहीं उठाए जाते, जिससे वह पुनः बह कर नालों में चली जाती है।

जनता की समस्याओं से सरकार को कोई वास्ता नहीं है, इसका एक और उदाहरण शिक्षा विभाग ने प्रस्तुत किया है। शिक्षा विभाग के द्वारा इस बार सभी सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफार्म वितरण की घोषणा की गई थी। सत्र प्रारंभ होने के बाद भी अभी तक लगभग 70 लाख बच्चों के लिए यूनिफॉर्म उपलब्ध होना तो दूर, इसके लिए कपड़ा क्रय करने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो पाई है। ऐसी स्थिति में अभिभावकों के पास अपने स्वयं के स्तर पर यूनिफॉर्म बनवाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचा है। आधा सत्र पूरा होने के बाद यदि यूनीफॉर्म दी जाएगी तो उसका उद्देश्य कितना पूरा हो पाएगा, यह संदेहास्पद है।

इसी तरह, कोरोना के कारण बच्चों के शैक्षणिक स्तर में हुए हुई कमी को पूरा करने की दृष्टि से राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान परिषद के द्वारा कई प्रकार की शैक्षिक सामग्री तैयार कराई गई जिनमें वर्कशीट भी सम्मिलित है। वर्कशीट एवं अन्य सामग्री पर्याप्त संख्या में अब तक विद्यालयों में पहुंच जानी चाहिए थी। वास्तविकता यह है कि, यह अभी तक किसी भी विद्यालय में नहीं पहुंचाई गई है। कुछ स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रायोगिक रूप से कुछ सरकारी विद्यालयों में इसको प्रारंभ करने का प्रयास किया गया तो उन्हें अपने ही स्तर पर इन वर्कशीट की व्यवस्था करने हेतु बाध्य होना पड़ा। सरकार को यह ध्यान रखना होगा कि यदि वह वास्तव में जनता के हित में कोई घोषणा करती है, तो उसके लिए आवश्यक व्यवस्था समय पर की जाना सुनिश्चित करे, अन्यथा उसका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। साथ ही इस पर किया गया व्यय भी व्यर्थ ही जाएगा। सरकार में किसी को इससे किसी को कोई लेना-देना नहीं कि भारत की जनता से वसूल की गई धनराशि किस प्रकार से बर्बाद होती है?

इस स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि समय पर कार्य पूरा होने के लिए किसी की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही तय नहीं है। अधिकारी गण काम न करके भी न केवल नौकरी में बने रहते हैं बल्कि पदोन्नित भी प्राप्त करते रहते हैं। कार्य के प्रति उनकी उदासीनता, जनता के लिए कितनी कष्टकारी होती है, यह अनुभव करने के उन्हें कभी-कभार, सामान्य नागरिक के रूप में सरकारी कार्यालयों में जाकर रखकर अनुभव करने का प्रयास करना चाहिए।

कुछ वर्ष पूर्व स्वच्छ भारत अभियान प्रारंभ होने के बाद भी जयपुर शहर में गली-गली में गंदगी के ढेर पढ़े हुए हैं। इनके कारण प्रतिवर्ष अनेक प्रकार की बीमारियां होती हैं जिनके इलाज के लिए न केवल नागरिकों को अपनी जेब से धनराशि खर्च करनी होती है और परेशानी उठानी पड़ती है, अपितु सरकार को भी सरकारी अस्पतालों के माध्यम से इलाज करने पर बहुत बड़ी धनराशि इस पर व्यय करनी पड़ती है। इन सब से बचा जा सकता है, यदि स्थानीय निकाय समय-समय पर सभी मोहल्लों-गलियों में गंदगी के ढेर को समय पर निस्तारित करें। आज के वैज्ञानिक युग में यह पता करना कठिन नहीं है कि प्रतिदिन कितना ठोस कचरा एक शहर में उत्पादित होता है एवं उसके निस्तारण के लिए क्या एवं कैसी व्यवस्था है? क्या हम सरकारी अधिकारियों से इतनी भी अपेक्षा नहीं कर सकते कि वह गंदगी को तत्काल उपयुक्त साधनों से निर्धारित स्थान तक ले जाएं।

अधिकारियों को चाहिए कि वह सामान्य नागरिकों से संपर्क बनाए रखें एवं एक समानुभूति का भाव रखते हुए अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को कम से कम करने हेतु व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाएं। यदि जनता की समस्याएं दूर होंगी और उनके काम सरलता से होंगे तो निश्चित रूप से न केवल जनता को राहत मिलेगी, अपितु सरकार की छवि एक ऐसी सरकार की बनेगी जो जनता की समस्याओं से बेखबर नहीं है।

पार्किंग व्यवस्था की भी हालत बेहाल है पूरे शहर में सड़कों की चौड़ाई का लगभग आधा अथवा दो तिहाई भाग अनधिकृत रूप से पार्किंग किए गए वाहनों में चला जाता है। साथ ही, दुकानदारों द्वारा अपने निर्धारित सीमा से बाहर सामान का प्रदर्शन करने से स्थिति और विकट हो जाती है। क्या यह संभव नहीं कि गहरी पीली रेखा सड़क के दोनों और खींच ली जाए और उसके बाहर जैसे कोई वाहन दिखे उसे तत्काल क्रेन के द्वारा वहां से हटवा लिया जाए। जो लोग निर्धारित पार्किंग व्यवस्था का उपयोग करना भी चाहते हैं तो वह भी सही जानकारी के अभाव में ऐसा नहीं कर पाते। आज, किसी को नहीं पता कि कहां वाहन पार्क किए जा सकते हैं और कहां नहीं? कभी खाली सड़कों से वाहनों को उठा लिया जाता है और अधिकांश समय अत्यंत भीड़ भरी सड़कों पर अनधिकृत वाहनों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती। व्यापारियों के वाहन दिन भर वहीं दुकान के समक्ष बाहर खड़े रहेंगे तो ग्राहकों के वाहन कहां पर पार्क किए जाएंगे, इस बारे में कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इसका नुकसान दुकानदारों को ही अधिक उठाना पड़ता है। शहर में पार्किंग स्थान पर्याप्त मात्रा में बनाने की बात कई वर्षों से की जा रही है किंतु अभी तक इस बारे में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। वाहनों की खरीद पर को नियंत्रित करने की कोई व्यवस्था नहीं है। कहने को तो, वाहनों के पंजीकरण के समय वाहनों को सड़क पर पार्क नहीं करने से संबंधित नियम बनाया हुआ है और एक नए वाहन के पंजीकरण के समय वाहन मालिक से एक प्रमाण पत्र लिया जाता है कि उसके पास अपने वाहन को पार्क करने के लिए उसके मकान में पर्याप्त स्थान है। इसके बावजूद लगभग 80 प्रतिशत वाहन सड़कों पर ही रहते हैं। उनके द्वारा झूठे शपथ पत्र दिया जा रहे हैं जिन पर कोई ध्यान नहीं देता, क्योंकि सरकार को जन समस्याओं को हल नहीं करना है अपितु हल करने का दिखावा करना है।

आश्चर्य तो यह है कि सरकार नागरिकों के समस्याओं को दूर करने के बजाय उनके लिए कई प्रकार की नई-नई समस्याएं अवश्य खड़ी कर देती हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में विवाह के पंजीकरण के संबंध में यह आदेश पारित किया गया कि नवविवाहित लड़के और लड़की दोनों का जन आधार धार कार्ड जब तक नहीं होगा तब तक उनका विवाह का पंजीकरण नहीं किया जा सकता है। यह उल्लेखनीय है कि जन आधार कार्ड केवल राजस्थान में ही लागू होता है और अन्य किसी राज्य में इस प्रकार की कोई अवधारणा नहीं है। हमारे एक परिचित के पुत्र के विवाह के बाद अनेक प्रयास के बावजूद संबंधित नगर निगम में इस आधार पर पंजीकरण से इंकार कर दिया गया कि वधू का आधार कार्ड नहीं था। वह चूंकि उत्तर प्रदेश की निवासी थी, उसका जन आधार कार्ड बन ही नहीं सकता था। पूरे देश में जब आधार कार्ड को पहचान पत्र की तरह स्वीकार कर लिया है तो फिर राजस्थान में सामान्य कार्यों के लिए जन आधार कार्ड की अनिवार्यता बेतुकी लगती है। स्पष्ट है, जिन लोगों ने भी आदेश जारी किया उन्होंने वास्तविकता को जानने की और पता करने की कोई कोशिश नहीं की। क्या वे यह मानते थे कि राजस्थान में प्रत्येक शादी केवल राजस्थान के ही लड़के अथवा लड़की के बीच में होगी? यदि नहीं, तो इस प्रकार का आदेश जारी करने से जनता को कितनी बड़ी परेशानियां हुई हैं उसकी कल्पना उन्होंने क्यों नहीं की? इस आदेश से विशेषकर उन लोगों को परेशानी हुई जिनको विवाह प्रमाण पत्र बनवाना था। हमारे परिचित ने तो यही अच्छा समझा कि वह उत्तर प्रदेश में जाकर उस शहर से विवाह प्रमाण पत्र बनवा ले जहां की लड़की थी। वहां पर यह विवाह प्रमाण पत्र एक ही दिन में बना दिया गया क्योंकि वहां पर जन आधार कार्ड की अनिवार्यता नहीं थी। मीडिया ने यह बात उठाई तो फिर अंततः सरकार को यह आदेश वापस लेना पड़ा, किंतु प्रश्न यही है कि ऐसा बेतुका आदेश जारी ही क्यों हुआ?

उदयपुर की नृशंस हत्या की घटना के बाद इन्टरनेट पर कई दिन तक रोक रही जिसके कारण आम जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। यह तो वैसे ही हुआ जैसे बालों में जूं होने पर सिर ही काट दिया जाय।

सरकार वास्तव में जनसमस्याओं के प्रति यदि संवेदनशील है और उनका निराकरण करने हेतु इच्छुक है तो बहुत सरल तरीका अपना सकती है। कोई भी नया आदेश जारी करने से पूर्व उसकी व्यवहारिकता एवं उसका नागरिकों पर होने वाले प्रभाव का आकलन करने हेतु कुछ स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से इसका परीक्षण करा लिया जाए। यदि एक सामान्य व्यक्ति की तरह ऐसा करने में वे सफल हो जाते हैं और उन्हें कोई परेशानी नहीं होती तो फिर उसे पूरे राज्य में लागू करना चाहिए। अधिकारियों को चाहिए कि वह सामान्य नागरिकों से संपर्क बनाए रखें एवं एक समानुभूति का भाव रखते हुए अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को कम से कम करने हेतु व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाएं। यदि जनता की समस्याएं दूर होंगी और उनके काम सरलता से होंगे तो निश्चित रूप से न केवल जनता को राहत मिलेगी, अपितु सरकार की छवि एक ऐसी सरकार की बनेगी जो जनता की समस्याओं से बेखबर नहीं है।

वर्तमान स्थितियों और अनुभव के आधार पर तो यही कहा जाएगा कि सरकार आम नागरिक की समस्याओं से बिल्कुल बेख़बर है।

–अतिथि सम्पादक,
राजेन्द्र भाणावत
(पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी)

नव-सामंतों का अहंकार एवं अनुशासनहीनता

भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के नव-सामंतों (अधिकारियों) का अभिमान जनता को सरेआम रोज अपमानित कर रहा है। आजादी के आजादी के बाद जब राजा का चयन जनता के मतदान से होने लग गया फिर भी जनता विवश है, सचिवालय और सरकारी कार्यालयों में अपमानित होने के लिए। जनता का सौभाग्य केवल यह है कि उसके मतों से चुना हुआ राजा (राजनीतिज्ञ) जरूर उसको अपमानित नहीं कर रहा है। आम जनता के लिए राजनीतिज्ञों के द्वार 24 घण्टे खुले हैं। राजनीतिज्ञ को पता है हर पाँच वर्ष में उसे जनता की महरबानी की आवश्यकता होती है।

तकलीफ की वजह राजनीतिज्ञ नहीं उसके अधीनस्त काम करने वाले अधिकारी है। जिन्हे हर पाँच वर्ष में किसी प्रकार की परीक्षा से नहीं गुजरना है। व्यवहार में सभी सरकारी आदेश अधिकारियों के हस्ताक्षर से ही जारी होते है। वर्तमान व्यवस्था में नव-सामंत स्वाभाविक रूप से ताकतवर हैं। यही ताकत उनके अभिमान का कारण बन जाती है। इन्होने अपने लिए सर्विस रूल्स ऐसे बना रखे हैं कि खुले आम रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के बावजूद भी दो-चार वर्षों में पुनः उसी कुर्सी पर नजर आते हैं। जनता को अपमानित करना तो जैसे कोई अपराध ही नहीं है। राजकीय सुविधाओं का दुरूपयोग तो इनका जन्मसिद्ध अधिकार हो गया है।

भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के अधिकारियों ने देश में एक ऐसा वातावरण बनाया कि जैसे यह मुल्क इन्ही के बलबुते पर चल रहा है। इस खेल में मीडिया का भी इन्हें भरपूर सहयोग मिला है। समस्त असफलताओं एवं गलतियों के लिए राजनीतिज्ञों को जिम्मेदार ठहराने में तो जैसे इन्होंने पीएच.डी. कर रखी है। राजनीतिज्ञों की इमेज को खराब एवं कमजोर करने में नव-सामन्तों की प्रभावी भूमिका है। जब कि धरातल पर सच्चाई का एक मामूली उदाहरण पर्याप्त है कि किसी आपातकाल में आप दिन में 12 बजे जिलाधीश को फोन करें, फोन उठाने की सम्भावना जीरो है। जबकि रात्रि में 12 बजे भी किसी विधायक या सांसद को फोन करो, फोन उठाने की सम्भावना पूरी है।

अभी हाल ही में वो भी कहीं दूर दराज़ नहीं देश की राजधानी दिल्ली में एक आई.ए.एस. अधिकारी एवं उनकी आई.ए.एस. पत्नी ने अपने पालतू कत्ते को स्टेडियम में घुमाने के लिए निर्धारित समय से पहले सांय 7 बजे स्टेडियम को बन्द करने के आदेश निकाल दिये। अपने अहंकार में सैकड़ों खिलाड़ियों के खेल को नजरअन्दाज कर दिया। आभार है उन राजनीतिज्ञों का जिन्होंने तत्काल सत्ता में मदहोश दोनों अधिकारियों का स्थानान्तरण क्रमशः लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश कर दिया। परन्तु प्रायः इस प्रकार के अहंकार का इलाज समय पर नहीं किया जाता है। इसलिए यह रोग लगातार बढ़ रहा है।

डॉ. कैलाश सोडाणी

- **आज खुले आम रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बावजूद भी अधिकारी दो-चार वर्षो में पुनः उसी कुर्सी पर नजर आते हैं**

आप इनकी गाड़ियों को अमूमन नो पार्किंग जॉन में ही पायेंगे। चौराहों पर लाल बत्ती इनके लिए नहीं होती है। सिनेमाघर हो या अजायबघर नव-सामन्तों का बिना टिकिट प्रवेश, फाइव स्टार होटल में भोजन व्यवस्था आदि अनेक तरह की सुविधाएं फ्री में प्रदान कराना जैसे स्थानीय पुलिस की संवैधानिक जिम्मेदारी है। सर्किट हाऊस में आवंटित रूम में प्रायः इनके ड्राइवर एवं गनमेन ही ठहरते है। साहब तो किसी फार्म हाऊस या कोठी की शोभा बढ़ाते हैं, जहाँ श्रेष्ठ सुविधाओं के साथ-साथ निजता भी मिलती है। यह निजता इनके कार्य-कलापों के लिए अत्यन्त आवश्यक है। शहर पुलिस की कमी से परेशान है परन्तु अधिकारियों के घरों पर 5-10 कांस्टेबल स्थायी रूप से सेवा में लगे हुए हैं।

आजकल नव-सामंतों को सामंतशाही की समयावधि की समाप्ति के पश्चात् राजनीति में प्रवेश का बुखार चढ़ रहा है। सनद रहे कि आपका यह कोमल शरीर राजनीति की कठोर डगर के लिए नहीं बना है।

हमारक प्रजातंत्र की परिपक्वता के शिखर पर नव-सामंतों का यह अभिमान, अहंकार, भ्रष्टाचार, सरकारी सुविधाओं के दुरूपयोग की आदत एवं प्रजातंत्र के असली मालिक जनता को अपमानित करने की मानसिकता सरासर गलत है। इलाज की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा प्रजातंत्र ही अर्थहीन हो जायेगा। निःसंदेह भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा में चयनित अधिकारी प्रतिभा के धनी है, उनकी मेहनत एवं लगन स्वागत योग्य है। फिर आखिर गड़बड़ कहाँ हुई है? चयन के पश्चात् मंसूरी के जिस संस्थान में प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है, वहाँ कोई कमी जरूर है। शायद अंग्रेजों के राज की परम्पराएं अभी भी जीवित हो। संस्थान को अपना पाठ्यक्रम बदलना होगा। नव-सामंतों के जेहन में राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रप्रेम का भाव उतारना होगा। वहीं भाव इनके अहंकार को समाप्त करेगा। साथ ही राजनीतिज्ञों एवं मीडिया को भी मजबूती से अपनी भूमिका निभानी होगी।

डॉ. कैलाश सोडाणी,
पूर्व कुलपति,
एमडीस वि. वि अजमेर

सिरोही में फौजी ने 2100 पेड़ वितरण कर मनाया जन्मदिन

अनिल फौजी व उनकी टीम ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ मुहिम के तहत पांच हजार से अधिक पेड़ लगाये।

पाटन, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरोही में जनहितेषी संस्था के संस्थापक अनिल फौजी ने अपने जन्मदिन पर अपने निवास स्थान पर 2100 पेड़ वितरण कर जन्मदिन मनाया। अनिल कस्वा भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत हैं अपने देश की सेवा के साथ साथ प्रकृति की सेवा में भी तत्पर रहते हैं।

वे देशवासियों से निवेदन करते हैं कि वो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। जनहितेषी संस्था द्वारा पेड़ लगाओ जीवन बचाओ मुहिम के तहत 5 हजार से अधिक पेड़ ग्रामीणों के सहयोग से आवश्यक जगहों पर लगाये गये है।

इस वर्ष संस्था के द्वारा 2100 पेड़ पौधे वितरण किये जा चुके हैं तथा बारिश के मौसम में लगभग 2100 और वितरण किये जायेंगे। पेड़ वितरण में सिरोही सरपंच जयप्रकाश कस्वा, कविता सामोता, नगेन्द्र महावा, दीपक शर्मा, जयचंद रोहिलाण, अशोक मिठारवाल, विरेन्द्र शेखावत, तेजपाल अठावाल, विनय धरड़, सतीश काजला, लोकेश ताखर, शीशराम सेवग, मनोज गुर्जर, धर्मपाल, यश स्वामी, श्रीराम लांबा ने भी संस्था को पेड़ वितरण में सहयोग दिया।

नगर परिषद ने पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना लगाया

भीलवाड़ा में पुलिस ने प्लास्टिक विक्रय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई कर प्लास्टिक की थैलियां जब्त की।

भीलवाड़ा, (निसं)। 1 जुलाई से देशभर में पूर्ण रूप से बैन की गई सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर परिषद ने सोमवार को अभियान की शुरुआत करते हुए प्लास्टिक विक्रय करते दो दुकानदारों के यहां छापेमारी करते हुए 65 किलो प्लास्टिक की थैलियां जब्त की हैं। दोनों पर 32 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस कार्यवाही से प्लास्टिक की थैलियों का कारोबार करने वाले व्यापारियों में हडकंप मच गया।

- **दोनों दुकानदारों पर 32 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**

जानकारी के अनुसार नगर परिषद के दस्ते ने सोमवार सुबह छीपा बिल्डिंग के नजदीक नागौरी प्लास्टिक पर छापा मारा जहां 40 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां मिलीं। परिषद के अधिशासी अभियंता अखेराम बगडोदिया ने 11 हजार रुपए का जुर्माना किया। बाद में यह टीम इंदिरा मार्केट पहुंची जहां ब्यावर वाले हलवाई के सामने वर्धमान प्लास्टिक की तलाशी लेने पर वहां 25 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां मिली।

जेईई-मेन जून सैशन के 16 सवालों के जवाब पर आपत्ति

कोटा, (निसं)। एनटीए द्वारा आयोजित जेईई-मेन जून के प्रश्नपत्र, आंसर की और रिकॉर्डेड रेस्पांस जारी कर दिए गए स्टूडेंट्स ने अपने रिकॉर्डेड रेस्पांस और आंसर की का मिलान किया।

स्टूडेंट्स की कई सवालों पर आपत्तियां भी रही। इन सवालों के जवाबों को लेकर स्टूडेंट्स ने एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स से चर्चा की और उसके बाद ऐसे सवालों के जवाब सामने आए जिसमें एनटीए और एलन के एक्सपर्ट्स और स्टूडेंट्स की राय अलग थी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि शनिवार रात्रि एनटीए द्वारा 29 जून को आयोजित अंतिम दिन की जेईई मेन परीक्षा की गलत आंसर की जारी कर दी गई थी। ऐसे में स्टूडेंट्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद एनटीए ने रविवार दोपहर संशोधित आंसर की जारी की। एनटीए ने आंसर की पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए स्टूडेंट्स को सोमवार शाम 5 बजे तक का समय दिया था। डॉ माहेश्वरी ने बताया कि 7 दिनों में 14 पारियों में हुई परीक्षाओं में 9 सवालों के जवाब ऐसे थे जिनके एलन के जवाब कुछ और थे और एनटीए द्वारा जारी की गई आंसर की में जवाब कुछ और दिए गए थे। इसके अलावा कुल सात सवालों को बोनस अंक के लिए चैलेन्ज किया गया था। एलन एक्सपर्ट्स द्वारा प्रश्नपत्र का अध्ययन कर आंसर की तैयार की जा चुकी है। स्टूडेंट्स अपनी आंसर की का मिलान कर सकते हैं।

सबसे ज्यादा आपत्तियां कैमिस्ट्री में :- स्टूडेंट्स ने सबसे ज्यादा आपत्तियां कैमिस्ट्री के पेपर में जताईं। विद्यार्थियों ने कुल नौ आपत्तियां दर्ज कराते हुए आंसर की को चैलेंज किया। जबकि दो प्रश्नों को बोनस अंकों के लिए चैलेंज किया है। 24 जून सुबह की पारी में सेक्शन बी में प्रेक्टिकल ऑर्गेनिक कैमिस्ट्री के प्रश्न को बोनस अंक के लिए चैलेंज किया है। शाम की पारी में सेक्शन बी में सॉल्युशन पर आधारित प्रश्न के आंसर को चैलेंज किया है। 25 जून शाम की पारी में सेक्शन ए में पीरियोडिक प्रोपर्टीज पर आधारित प्रश्न और 26 जून को सुबह की पारी में सेक्शन ए में पॉलीमर पर आधारित प्रश्न व शाम की पारी में सेक्शन बी में केमिकल बॉन्डिंग के प्रश्न व 27 जून सुबह की पारी में सेक्शन बी में स्टीरियोआईसोमेरिज्म पर आधारित प्रश्न, शाम की पारी में सेक्शन बी में इलेक्ट्रोकैमस्ट्री पर आधारित प्रश्न के आंसर को चैलेंज किया है। 29 जून शाम की पारी में सेक्शन ए में सरफेस कैमिस्ट्री के प्रश्न को बोनस अंक व सेक्शन बी में आइसोमेरिज्म के प्रश्न के आंसर को चैलेंज किया है।

- **स्टूडेंट्स ने एलन एक्सपर्ट्स से चर्चा करने के बाद दर्ज कराई आपत्तियां**
- **सात सवालों को बोनस अंक के लिए चैलेन्ज किया**

मैथ्स व फिजिक्स में ये आपत्तियां :- 24 जून सुबह की पारी में फिजिक्स के पेपर में सेक्शन ए में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्ज पर आधारित प्रश्न को बोनस अंक के लिए चैलेंज किया है। जबकि शाम की पारी में सेक्शन बी में मॉडर्न फिजिक्स पर आधारित प्रश्न को चैलेंज किया गया। वहीं 26 जून शाम की पारी में सेक्शन ए में केटीजी पर आधारित प्रश्न को बोनस अंक के लिए चैलेंज किया है। 28 जून को शाम की पारी में सेक्शन ए में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन पर आधारित प्रश्न के आंसर को चैलेंज किया है। जबकि 25 जून को सुबह की पारी में सेक्शन बी में बाइनोमियल थ्योरम पर आधारित प्रश्न व 27 जून शाम की पारी में सेक्शन ए में डेफिनेट इंटीग्रेशन पर आधारित प्रश्नएवं 29 जून को शाम की पारी में सेक्शन बी में वेक्टर्स पर आधारित प्रश्न को बोनस अंकों के लिए चैलेंज किया है।

राशिफल मंगलवार 5 जुलाई, 2022

पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 10:30 तक, व्यतिपात योग दिन 12:13 तक, कौलव करण प्रातः 7:01 तक, चन्द्रमा सांय 4:52 से कन्या राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 10:30 तक और त्रिपुष्कर योग रात्रि 7:29 से सूर्योदय तक है। बुध अस्त पूर्व में सांय 5:35 पर होगा। आज कुमार षष्ठि व्रत, कसुम्बा और कर्दभ षष्ठि, व्यतिपात पूण्य, श्री महावीर स्वामी गर्भ कल्याणक (जैन) है।

श्रेष्ठ चौघड़ियाः चर 9:07 से 10:49 तक। लाभ-अमृत 10:49 से 2:14 तक, शुभ 3:52 से 5:38 तक।

राहूकालः 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:21

मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृष
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

मिथुन
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

कर्क
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगा।

सिंह
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

कन्या
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

तुला
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

धनु
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

मकर
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

कुंभ
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

मीन
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल, तैंतीस आईएएस के तबादले

जयपुर समेत सात जिलों के कलेक्टर बदले

■ पांच आईएएस को अतिरिक्त चार्ज सौंपा, एक को एपीओ किया

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल कर सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 33 अफसरों के तबादले किए, जबकि पांच को अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। इसके साथ ही जयपुर समेत सात जिलों के कलेक्टर बदले हैं। वहीं एक अफसर को एपीओ किया गया है।

वीना प्रधान को आयुक्त, विभागीय जाँच विभाग, जयपुर, कैलाश चन्द्र मीणा को संभागीय आयुक्त, जोधपुर, प्रतिभा सिंह को निदेशक, पंचायतीराज, जयपुर, विजय पाल सिंह को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर, कुमारी रेणू जयपाल को आयुक्त, महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर, रश्मि गुप्ता को निदेशक, जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, जयपुर, विश्राम मीणा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं आयुक्त, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज, जयपुर, प्रकाश राजपुरोहित को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर, डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,अलवर, विश्व मोहन शर्मा को संयुक्त शासन सचिव, राजस्व विभाग, राजस्थान, जयपुर, नकाते शिवप्रसाद मदन को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) एवं पदेन आयुक्त, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर, संदेश नायक को निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन, जयपुर, अनिल कुमार अग्रवाल को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, धोलपुर, ओम प्रकाश कसेरा को आयुक्त (विनियोजन एवं अप्रवासी भारतीय), निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर, आशीष गुप्ता को आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग एवं प्रबन्ध निदेशक, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, डॉ. प्रदीप के.गवांडे को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड एवं निदेशक, पैट्रोलियम, उदयपुर, डॉ.मनीषा अरोड़ा को अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान हथकर्घा विकास निगम, राजस्थान जयपुर, डॉ. इंद्रजीत यादव को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर, टीना डाबी को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर, प्रताप सिंह को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, जयपुर, अमित यादव को संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान, जयपुर,डॉ.रविन्द्र गोस्वामी को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बूंदी, अर्तिका शुक्ला को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), अलवर, अवधेश मीणा को आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर, डॉ. गौरव सैनी को सहाय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान, जयपुर, सुशील कुमार को आयुक्त नगर निगम, अजमेर, देवेन्द्र कुमार को संयुक्त शासन सचिव कार्मिक (क-1) विभाग, राजस्थान, जयपुर, श्रीनिधि बी टी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), भरतपुर, टी शुभमंगला को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), सिरोही के पद पर लगाया है।

राजेन्द्र किशन को विशिष्ठ शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर, ओमप्रकाश बुनकर को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा, नलिनी कठोलिया को प्रबन्ध निदेशक, ग्रामीण अकृषि क्षेत्र विकास अभिकरण, जयपुर, हरिमोहन मीणा को निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव राजस्थान, डॉ. जोगा राम, आई.ए.एस., शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर अपने पद के कार्य के साथ-साथ अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, राजस्थान, जयपुर के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

वहीं हेमन्त कुमार गैरा प्रमुख शासन सचिव,कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर को महानिदेशक हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, प्रशिक्षण राजस्थान, जयपुर (अग्रिम आदेशों तक), डॉ. पृथ्वी राज शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान जयपुर को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान जयपुर (अग्रिम आदेशों तक), जितेन्द्र कुमार उपाध्याय को निदेशक, सिविल एविएशन, जयपुर एवं उप मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग एवं कन्ट्रोलर, सर्किट हाऊस, जयपुर, कुमार पाल गौतम को संयुक्त शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन, राजस्थान, जयपुर के अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हैं।

इसी प्रकार नारायण सिंह चारण, आर.ए.एस., मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद-कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा),सिरोही को आगामी आदेशों तक पदस्थापन आदेश की प्रतीक्षा में रखा जाता है।

जयपुर में कलेक्ट्री से एम.आई. रोड तक भारी ट्रेफिक जाम, लोग परेशान

जयपुर कलेक्ट्री सर्किल से एम.आई.रोड तक ट्रेफिक जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। आये दिन वाहनों का लंबा रैला यहां दिनभर रैंग-रैंगकर आगे बढ़ता है। इस समस्या से लोग परेशान है, लेकिन ट्रेफिक पुलिस और शहर के विकास का खाका तैयार करने वाले जिम्मेदार अफसरों का इस ओर कोई ध्यान तक नहीं है।

सजा सुनाई

जयपुर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने साढे सत्रह साल की पीड़िता से छेड़छाड़ के आरोपी रिश्तेदार को तीन साल की सजा सुनाई है।

डॉ. सतीश पूनिया आज से उदयपुर और राजसमंद प्रवास पर रहेंगे

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 5 जुलाई को उदयपुर और 6 जुलाई को राजसमंद जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. पूनिया 5 जुलाई को दोपहर 2:45 बजे उदयपुर पहुंचेंगे, जहां स्वर्गीय कन्हैयालाल साहू के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम को नाथद्वारा पहुंचकर भगवान श्रीनाथजी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं तरक्की की कामना करेंगे। 6 जुलाई को डॉ. पूनियां सुबह 11 बजे नाथद्वारा में भाजपा राजसमंद जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करेंगे और दोपहर 1 बजे नाथद्वारा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

डॉ. राजीव बगरहट्टा ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल का पदभार संभाला

जयपुर,(कासं)। प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज (एसएमएस) में सोमवार को नवनियुक्त प्रिंसीपल व नियंत्रक डॉ. राजीव बगरहट्टा ने पदभार संभाला लिया। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल के क्राउड मैनेजमेंट के लिए आईटी का सहयोग लेने और के छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजीव बगरहट्टा ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि वे पिछले 40 साल से एसएमएस से जुड़े है। अब जिस तरह से लोगों की भीड़ यहां बढ़ती जा रही है उसे मैनेज करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार की मुफ्त दवा व जांच योजना के कारण राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए यहां आ रहे है। इस कारण हॉस्पिटल पर मरीजों का भार बढ़ रहा है उसे मैनेज करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम आईटी का सहयोग लेंगे, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा इन्फोर्मेशन मोबाइल या कम्प्यूटर के जरिए मिल सके। जिससे उन्हें अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने बताया कि अभी ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर जांचों की रिपोर्ट्स ऑनलाइन मिल रही है, जिसे और ज्यादा सरल करने की दिशा में काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन सबके लिए हमें हॉस्पिटल के इंटरनल सिस्टम को भी मजबूत करना होगा।

जयपुर में अब आईपीएस कैलाश चंद्र विश्नोई बने तीसरे एडिशनल कमिश्नर

16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

■ डॉ.राजीव पचार डीसीपी पूर्व, योगेश गोयल डीसीपी दक्षिण, डॉ.वन्दिता राणा को डीसीपी पश्चिम के पद पर लगाया

■ प्रसन्न कुमार खमेसरा को आईजी कोटा, गौरव श्रीवास्तव को आईजी भरतपुर और विकास कुमार को आईजी एटीएस जयपुर के पद तैनात किया

जयपुर,(कासं)। राज्य सरकार ने पुलिस के बेड़े में फेरबदल करते हुए 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके तहत जयपुर में अब तीन एडिशनल कमिश्नर होंगे। सोमवार को जारी आदेश में आईपीएस कैलाश चंद्र विश्नोई को तीसरे एडिशनल कमिश्नर के तौर पर लगाया गया है। साथ ही जयपुर में ट्रेफिक सहित चार डीसीपी भी बदले हैं। वहीं कोटा व भरतपुर रेंज आईजी और तीन जिलों के एसी भी बदले गए हैं।

आदेश के अनुसार आईपीएस कैलाश चन्द्र विश्नोई को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त तृतीय लगाया गया हैं। प्रसन्न कुमार खमेसरा को पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज और गौरव श्रीवास्तव को भरतपुर रेंज का जिम्मा सौंपा गया है। तीन दिन पहले सीआईडी सीबी में लगाए गए पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार को अब एटीएस जयपुर में तैनात किया गया है। इससे पहले वह डीआईजी के रुप में एटीएस में काम कर चुके है।

राजधानी जयपुर में यातायात की जिम्मेदारी संभाल रही आईपीएस श्वेता धनखड़ का तबादला जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में किया है। इनकी जगह अब डीसीपी ट्रेफिक के पद पर पुलिस उपायुक्त जयपुर ईस्ट प्रहलाद कृष्णियां को लगाया गया है। डॉ. राजीव पचार को पुलिस उपायुक्त पूर्व जबकि डॉ. वंदिता राणा को रिचा तोमर की जगह पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के पद पर भेजा है। आईपीएस मृदुल कछावा को जयपुर साउथ से झुंझुनू का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर योगेश गोयल उपायुक्त जयपुर दक्षिण की जिम्मेदारी दी गई है। दो दिन पहले प्रीति जैन को पुलिस अधीक्षक दौसा लगाया गया था। अब उनकी जगह आरपीएस से आईपीएस बने संजीव नैन को पुलिस अधीक्षक दौसा लगाया गया है। प्रीति जैन को अब निदेशक इंटेलीजेंस ट्रेनिंग एकेडमी जयपुर लगाया गया हैं। प्रदीप मोहन शर्मा को कमाडेंट हाड़ी रानी बटालियन अजमेर, अनिल कुमार को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़, डॉ. अमृता दुहन को पुलिस उपायुक्त जोधपुर शहर (पूर्व), राजकुमार चौधरी को कमांडेट 10 वीं बटालियन आरएसी बीकानेर लगाया गया हैं।

रियाज के साथ वायरल फोटो को कटारिया ने बताया फेब्रिकेटेड

जयपुर। उदयपुर में दिनदहाड़े कन्हैयालाल की हुई निर्मम हत्या के बाद पूरे देश में गुस्सा साफ नजर आ रहा है। मगर इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी रियाज के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ वायरल फोटो को लेकर भी राजनीति गर्माई हुई है। पूरे मामले को लेकर कटारिया ने कहा है कि यह फोटो फेब्रिकेटेड नजर आ रही है।

कटारिया ने इस मामले में उदयपुर एसपी को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस पर कानूनी कार्यवाही की जाए। मेरी प्रतिष्ठा गिराने का प्रयास किया गया है।

कटारिया ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस व्यक्ति को नहीं जानता। राजनेताओं के साथ कोई भी कब फोटो खींच लेता है ये ना तो गुलाबचंद रोक सकता है, ना प्रताप सिह खाचरियावास रोक सकता है ना शांति धारीवाल। अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा का अधिकृत विंग है। उन्होंने किसी कार्यक्रम में बुलाया है तो मैं गया होउंगा। लेकिन कल रात मैंने वायरल फोटो को गौर से देखा। इस फोटो को फेब्रिकेटेड बनाने का प्रयास किया गया है। मैं खड़ा हूं। मेरी पगड़ी और शरीर का हर अंग आ रहा है। ऐसा लग रहा है कि किसी ने मामले को घुमाने के लिए यह काम किया है।

उठावना

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती सुशीला देवी करनावट** धर्मपत्नी स्व. श्री माणक चंद जी सा. करनावट का देहावसान दिनांक 3 जुलाई 2022 को हो गया है। उठावना दिनांक 5 जुलाई 2022 को सांय 4 बजे सुबोध पब्लिक स्कूल, संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल के पास, भवानी सिंह रोड पर रखा गया है।

शोकाकुल- हीराचन्द, प्रकाश चन्द (देवर), संदीप, सुदीप (पुत्र), प्रदीप, प्रशान्त, जॉय, ऋषि, अरुण, तरुण, रिक्की (भतीजे), श्रीष, दिव्यम, मयंक (पौत्र), रूबी- हेम चन्द जी सुराणा (पुत्री- दामाद), निर्मला दुगड़, मंजू मेहता (ननंद), धर्मेन्द्र टांक (भान्जा)। पीहर पक्षः- श्रवण कुमार लोढा एवं परिवार, दिल्ली।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे भ्राता पंडित **श्री महेश जी शर्मा** का स्वर्गवास दिनांक 3.7.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक मंगलवार 5.7.2022 को निवास स्थान 5, गौतम कॉलोनी, आकाशवाणी के पीछे, बजरिया, सवाईमाधोपुर पर दोपहर 2 से 3 बजे तक आगमन-प्रस्थान के रूप में रखी गई हैं।

शोकाकुल- परिवारजन- पं. दामोदर प्रसाद गौतम (चाचा), सुरेंद्र शर्मा 'पत्रकार' राष्ट्रदूत (प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री, अ.भा.श्री.गु.ब्र.महासभा) शिवशंकर शर्मा (भ्राता), देवेश शर्मा, विष्णु शर्मा (पुत्र), रोहित शर्मा, सौरभा शर्मा, विवांन (भतीजे) एवं समस्त पिसयागुणया परिवार, सवाई माधोपुर।

आम सभा सूचना

अरिहंत क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि. जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021-22 के वित्तीय विवरणों पर स्वीकृति एवं अन्य विषयों पर विचार हेतु सोसाइटी की साधारण आम सभा की बैठक दिनांक 23.07.2022 को प्रातः 11:00 बजे मित्तल पैराडाईज जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर पर रखी गई है। विस्तृत नोटिस सोसाइटी के नोटिस बोर्ड पर पर चस्पा किया गया है, जिसे किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

सचिव, अरिहंत क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल के आवास सं. 63/222 का मूल आवंटन पत्र क्रमांक 1136 दिनांक 06.07.1995 जोकि अजय कुमार घोष के नाम था, जो खो गया है जिसकी F.I.R. LR No. 1478211/2022 दिनांक 13.06.2022 को करा दी गई है। उक्त सम्पति के संबंध में श्रीमती नीरू बैरवा पत्नी श्री बनवारी लाल बैरवा ने S.B.I. में लोन हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित तिथि से सात दिवस में सम्पर्क करें। **श्रीमती नीरू बैरवा पत्नी श्री बनवारी लाल बैरवा** तीतरिया (चाकसू), जयपुर (राज.) 9571428813

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय राजस्थान आवासन मण्डल

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 6/MB/382 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 129.760 वर्ग मीटर का आवंटन श्री कृष्ण कुमार सक्सैना पुत्र श्री नाथू राम को किया गया था। जिसका आवंटन कम कब्जा पत्र कमांक 2889 दिनांक 23.10.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 05.03.2009 को प्राप्त कर लिया गया। श्री कृष्ण कुमार सक्सैना की मृत्यु दिनांक 13.12.2017 को हो जाने के पश्चात श्रीमती केला देवी पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार सक्सैना के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्रीमती केला देवी पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार सक्सैना** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन.मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853

आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 4536 दिनांक 28.9.2015 जारी कर, आवास संख्या -3MB-13 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा, जयपुर का हस्तान्तरण श्रीमती जया आसनानी पत्नी श्री श्याम लाल आसनानी पक्ष में किया गया था। श्रीमती जया आसनानी की मृत्यु दिनांक 7.5.2021 को हो जाने के पश्चात् श्री श्याम लाल आसनानी पुत्र श्री स्व.श्री सतराम दास आसनानी के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री श्याम लाल आसनानी पुत्र श्री स्व. श्री सतराम दास आसनानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेंगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा. आ. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, की मेरे अभिभाष्य हेमराज पुत्र काम सैन निवासी-एल-277, तेली पाडा, शास्त्री नगर, जयपुर ने अपने पुत्र तरूण कश्यप को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उसके किसी भी लेन देन से मेरे अभिभाष्य का को सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं ही उत्तरदायी होगा। सूचित रहे।

के.के.भाटी एडवोकेट, मो.9314884745

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पं.दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक-एफ-13( )उपा.आयो-II/ननिज/2022/755 दिनांक-4/7/22

सार्वजनिक सूचना भूखण्ड सं.77 बी, श्रीराम नगर बी, कालवाड रोड, झोटवाडा (संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लि.) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती हेमलता यादव पत्नी स्व.श्री जौहरी लाल यादव को क्षेत्रफल 383.50 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में अब आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र (अण्डटेकिंग), रजि. पट्टा मय साइट प्लान की फोटोप्रति, मूल आवंटी द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा द्वारा श्री रघुवीर सिंह पुत्र स्व.श्री जौहरी लाल के पक्ष में वसीयत की गई एवं अन्य चैन दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण चाहा है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई मूल दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार पर श्री रघुवीर सिंह पुत्र स्व.श्री जौहरी लाल के पक्ष में उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 383.50 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, आयोजना-द्वितीय) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पत्रावली नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (आयोजना द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

NAME CHANGE

I have changed my name ANAND KUMAR KASANA TO ANAND KASANA S/o Ratan lal kasana for All purpose. R/o B-24. Shivaji Marg, Brahmpuri Thana, Govind Nagar Vistar, Jaipur. Raj.- 302002

मैंने अपना नाम दिनेश कुमार शर्मा से बदलकर दिनेश शर्मा पुत्र शुभकरण शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी 182, शिव नगर-1, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर

विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम GEETA MENGHANI पुत्री श्री लीलाराम मेंघानी से बदलकर DEEPIKA KHEMCHANDANI धर्मपत्नी श्री जयकुमार खेमचन्दानी निवासी- 62-63C, श्री चन्द्र नगर, जलमहल, गुर्जर घाटी, आमेर रोड, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे दीपिका खेमचन्दानी के नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम नितेश से बदलकर नितेश धवन पुत्र श्री मनोहर लाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए निवासी विला 126-बी, कृषि नगर विस्तार, वाटिका रोड, वाटिका, जयपुर 303905

अफवाह के चलते दो कांस्टेबलों पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

कलेक्टर-एसपी के साथ भारी पुलिस जाब्ता तैनात

भीम, (निसं)। उदयपुर में कन्हैयालाल साहू की हत्या के बाद टोगी में दो जनों की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर निर्दोष को पुलिस द्वारा पकड़ने और अफवाह के चलते छठे दिन भी भीम के बाजार बंद रहे। सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उम्मेदसिंह राजावत को ज्ञापन देकर निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग उठाई।

तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुबह से कलेक्टर नीलाभ सक्सेना व जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी मय जाब्ते के भीम थाने पर डटे रहे। इस बीच बदनौर चौराहे पर तैनात कांस्टेबल वजेराम व प्रकाश पर एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे एक कांस्टेबल का हाथ कटकर अलग हो गया, जबकि दूसरे कांस्टेबल की अंगुली कट गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चुनसिंह के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल भीम कस्बे में शांति व्यवस्था कायम है और एसपी सुधीर चौधरी ने आमजन से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।



घायल कांस्टेबल का पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल में उपचार कराया।

कुछ देर खुला बाजार, फिर हो गया बंद :- भीम कस्बे में सुबह 8 बजे से बाजार खुल गए। उसके बाद भाजपा द्वारा निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग को लेकर बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता भीम के उपखंड कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। भारी भीड़ के चलते अशांति की आशंका के चलते 11 बजे बाद पहले बस स्टैंड से उपखंड कार्यालय तक मुख्य सड़क की दुकानें बंद हो गई। उसके बाद बदनौर चौराहे पर कांस्टेबल पर जानलेवा हमले की सूचना कस्बे में फैलने के साथ ही पूरा कस्बा बंद हो गया।

भाजपा द्वारा भीम चलो अभियान का आव्हान करने के बाद कानून एवं शांति व्यवस्था को देखते हुए भारी भीड़ एकत्रित न हो। इसको लेकर राजसमंद, पाली, अजमेर व भीलवाड़ा जिले की सीमा के सभी रास्तों पर पुलिस तैनात कर दी गई। युवाओं की भीड़ को कस्बे में प्रवेश से रोक दिया। हालांकि कस्बे व आस -पास के क्षेत्रीय लोगों ने सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपे।

सुधीर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद का कहना है कि किसी भी आरोपी से कस्बे में माफी मंगवाने की अफवाह झूठी है। ऐसा कोई मामला नहीं है और न ही किसी निर्दोष व्यक्ति को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। बेवजह कतिपय लोगों द्वारा निर्दोष लोगों को पकड़ने की अफवाह फैलाई जा रही है, जो गलत है। व्यापारी, कस्बेवासी पुलिस का सहयोग करें और कोई भी व्यक्ति भ्रमित नहीं होवे।

अमरसिह रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीम का कहना है कि पहले कुछ निर्दोष लोगों को पकड़ा गया था। व्यापार मंडल द्वारा निर्दोष लोगों की सूची उपलब्ध करवाने पर विधायक सुदर्शनसिह रावत की दखल के बाद एएसपी शिवलाल बैरवा व डीएसपी राजेंद्रसिंह द्वारा जांच के बाद निर्दोष को छोड़ दिया। साथ ही व्यापारी अब बाजार खोलने को तैयार हैं। आज भी बाजार खोल दिए, मगर सांसद के ज्ञापन देने के दौरान भीड़ के आने व कांस्टेबल पर फिर हमला होने से व्यापारी घबरा गए और दुकानें बंद की हैं। अब बुधवार से बाजार खोल दिया जाएगा।

■ **भीम के बाजार छठे दिन भी बंद रहे**

आमजन भी किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देवे।

सुदर्शनसिंह रावत, विधायक भीम का कहना है कि भीम कस्बा शांतिपूर्ण है, पुलिस ने अच्छा कार्य किया है और पुलिस पर हमला करना निंदनीय है। युवा के साथ आमजन किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देवे और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

पूर्व विधायक हरिसिंह रावत का कहना है कि भीम पुलिस के जवानों पर जो असामाजिक तत्वों द्वारा धारदार हथियार से हमला हुआ है उसकी में घोर निंदा करता हूं इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

पुलिस कर्मी का जेएलएन में उपचार जारी :- राजसमंद के भीम कस्बे में सोमवार को दिन दहाड़े बदनौर चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर अज्ञात बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में हेड कॉन्स्टेबल भजेराम का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल को इलाज के लिए ब्यावर रैफर किया गया है, जहां उपचार के बाद अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

एमबीबीएस करवाने के नाम पर दो युवकों से 15 लाख की ठगी

शहर के प्रतापनगर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी है पीड़ित

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के प्रतापनगर पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक और उसके दोस्त को एमबीबीएस की डिग्री दिलाने के नाम पर हरियाणा के एक व्यक्ति ने 15-16 लाख की ठगी कर डाली । तीन साल तक चाइना में डिग्री करवाई। कोविड के चलते मामला ठंडा पड़ने पर यूक्रेन से करवाने का प्रलोभन दिया गया मगर डिग्री नहीं मिल पाई। अब पीड़ित के पिता ने इस बारे में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि घटना में प्रतापनगर के दाउ की ढाणी गेट संख्या तीन के सामने रहने वाले धर्मेंद्र सोनी पुत्र सत्यप्रकाश सोनी की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि हरियाणा रोहतक निवासी सतीश शर्मा नाम के एक शख्स से संपर्क हुआ था। परिवादी ने बताया कि उसके पुत्र को एमबीबीएस की डिग्री कराने की बात को लेकर सतीश शर्मा से बात की गई। तब उसने डिग्री कराने के लिए हामी भरी। इसके लिए उसने 15-16 लाख का खर्चा होना बताया था। तब परिवादी के पुत्र और उसके दोस्त दोनों को एमबीबीएस की डिग्री दिलाने के नाम पर रूपए लिए गए।

इनको चाइना से डिग्री दिलाने की बात की। तीन साल तक कोर्स भी चला, मगर बीच में कोविड फैलने के चलते कोर्स अधूरा रह गया। स्थानीय स्तर पर पता लगा कि चाइना की डिग्री मान्य नहीं है, तो आरोपी सतीश शर्मा ने अन्य देश से डिग्री दिलाने को कहा। इस पर उसने यूक्रेन से डिग्री दिलाने की बात की। दो साल का कोर्स कराने को कहा था मगर यहां पर भी वह जालसाजी करता रहा और रूपए ऐंठता रहा। थानाधिकारी ढाका ने बताया कि परिवादी ने अपने पुत्र और उसके दोस्त को एमबीबीएस की डिग्री के नाम पर 15-16 लाख रूपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए अब केस दर्ज कराया है।

नूपुर शर्मा की हत्या की धमकी

अजमेर, (कासं)। अजमेर के दरगाह पुलिस थाने के हिस्ट्री शीटर सलमान चिश्ती ने भाजपा की राष्ट्रीय निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को जान से मारने की धमकी देने का सोशल मीडिया पर वायरल हुये विडियो के बाद पुलिस ने चिश्ती के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

पुलिस सलमान चिश्ती की तलाश में भी जुट गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हिस्ट्रीशीटर चिश्ती का यह वीडियो 2.50 सैकंड का है, जिसमें वह रोते हुए नूपुर शर्मा की हत्या की धमकी दे रहा है। बताया जाता है कि वीडियो सप्ताह से अधिक समय पुराना है। दरगाह थाना पुलिस ने इस मामले में देर शाम मामला दर्ज कर सलमान चिश्ती की तलाश शुरू कर दी है।

ढाई महीने बाद ही बदले अलवर के कलेक्टर

अलवर, (निसं)। अलवर कलेक्टर शिव प्रसाद नकाते का ढाई महीने में ही ट्रांसफर हो गया। जिन्होंने 19 अप्रैल 2022 को ही कुर्सी संभाली थी। अब अचानक उनको तबादला जयपुर कर दिया है। अलवर में जितेंद्र कुमारी सोनी को कलेक्टर लगाया गया है। अलवर कलेक्टर शिव प्रसाद को 15 अप्रैल 2022 को अलवर लगाया गया था।

नवनियुक्त कलेक्टर जितेंद्र सोनी

जिन्होंने 19 अप्रैल को कार्यभार ग्रहण किया था। अब 4 जुलाई 2022 को उनको अलवर से जयपुर ट्रांसफर कर दिया है। अब अलवर के नए कलेक्टर के रूप में जितेंद्र कुमार सोनी को लगाया गया है। शिव प्रसाद नकाते को राजस्थान राज्य औद्योगिक विकासएवं विनयोजन निगम में प्रबंध निदेशक लगाया है। वहीं जितेंद्र कुमार सोनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक के पद से अलवर कलेक्टर लगाया गया है। जिला परिषद सीईओ के तौर पर अर्तिका शुक्ला को जिम्मेदारी दी है।

अभिभावकों ने स्कूल को जड़ा ताला, सड़क पर बैठकर पढ़ने लगे बच्चे

सूरतगढ़, (निसं)। सूरतगढ़ से सटे गांव मानकसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल खोलने से पहले ताला जड़ दिया। हंगामा होता देख सिटी पुलिस, तहसीलदार और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने ग्रामीणों से समझाइश की।

■ **कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल के ताला जड़ दिया**

दरअसल, गांव के सरकारी स्कूल की कक्षा 10 का विगत 2 सत्र का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक आ रहा है। बीते वर्ष जहां 51प्रतिशत के आस-पास रहा था, वहीं इस वर्ष यह 60 प्रतिशत रहा। ऐसे में अभिभावकों ने विद्यालय स्टॉफ पर लापरवाही और शिक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने का आरोप लगाते हुए तालाबंदी कर दी। गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल के पूरे स्टाफ को यहां से चलता करने की मांग रख दी। वहीं इस संबंध में स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू रांगेरा ने कहा कि विगत दो वर्षों में कोरोनाकाल के चलते विद्यार्थियों को प्रमोट किया गया था । उसके बाद लगे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी कम रही थी और जिन का परिणाम बहुत कम रहा है।

ऐसे वे ही बच्चे हैं जो शाला में पहुंचे ही नहीं थे। वहीं हंगामे और तालाबंदी की सूचना पर सीबीईओ, सिटी थाना अधिकारी तथा तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे 15 दिनों में इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई कर देंगे। तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने तालाबंदी समाप्त की।

मासूम के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

बौंली, (निसं)। पॉक्सो एवं परिवार न्यायालय जिला सवाई माधोपुर ने एक तीन वर्षीय मासूम बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी शंकर खंगार निवासी मैनपुरा थाना सूरवाल को दोष सिद्ध हो जाने पर अंतिम सांस तक आजीवन कारावास व 1 लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि फुटपाथ पर जीवन बसर करने वाली पीड़िता ने बताया कि वह अगरबत्ती बेच कर अपना पेट पालन करती है। 22 दिसंबर 2020 को शाम 5:30 बजे पास की झोपड़ी में रहने वाला शिवम मस्ता उर्फ शंकर खंगार निवासी मैनपुरी थाना सूरवाल मेरी चूल्हे के पास आकर बैठ गया एवं मेरी 3 वर्षीय बालिका को दुकान पर टोफी दिलाने के बहाने साथ लेकर चला गया। काफी समय बाद भी जब वह नहीं लौटा तो बच्ची व शंकर को तलाश किया नहीं मिलने पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने दूसरे दिन ही 23 दिसंबर 2020 को आरोपी शंकर खंगार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में हैं। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को उम्रकैद व जुर्माने से दंडित किया।

मंत्री शेखावत ने कन्हैयालाल के परिवार को सांत्वना दी

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मृतक कन्हैयालाल के परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

उदयपुर, (निसं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत प्रात: डबोक हवाईअड्डे पर पहुंचे जहां भाजपा उदयपुर की और से उनका स्वागत किया गया। वहां से केंद्रीय मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे और वहां से सेक्टर 14 स्थित स्व कन्हैयालाल तेली के निवास पर पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान की। मीडिया से बात करते हुए इस घटना को घोर लापरवाही का दु:खद परिणाम बताया। इसके पश्चात इस घटना में घायल ईश्वर के निवास पर पहुंचे और उनसे व परिवारजनों से मिले। यहां से वे पूर्व महापौर रजनी डांगी के पति वीरेन्द्र डांगी जो काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे है उनकी कुशलक्षेम पूछने पेसिफिक हॉस्पीटल पहुंचे और वहां से जोधपुर के लिए प्रस्थान कर गए।

मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट एवं सर्किट हाउस पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य ताराचंद जैन, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, महापौर जी एस टांक, उपमहापौर पारस सिंघवी, जिला प्रमुख ममता कुमार पवार उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पवार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, भाजपा शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड, मनोज मेघवाल, प्रदेश आपदा राहत अभियान के संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री, पार्षद छोगालाल भोई, महेश त्रिवेदी, डॉ. शिल्पा पामेचा, देवेंद्र साहू, हेमंत बोहरा आदि उपस्थित थे।

मंत्री धारीवाल की नाराजगी के बाद कोटा कलेक्टर हटाए गए

पहली लिस्ट में नाम था नदारद बाद में तबादले के आदेश आए

कोटा, (निसं)। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की नाराजगी कोटा जिला कलेक्टर को भारी पड़ गई। यूडीएच मंत्री के नाराजगी जताने के कुछ समय बाद ही जिला कलेक्टर के तबादले के आदेश आ गए।

गौरतलब बात यह है कि जब तबादलों की पहली लिस्ट जारी हुई तो उसमें कोटा जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा का नाम नहीं था परंतु कुछ समय पश्चात ही उनके तबादले के आदेश जारी हो गए। माना जा रहा है कि उनका तबादला यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की नाराजगी की वजह से हुआ है। सुबह ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूआईटी सेक्रेटरी से जिला कलेक्टर के द्वारा फाइल रोके जाने पर नाराजगी प्रकट की थी। दरसल प्रदेश के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कोटा दौरे पर आए हुए हैं। उन्होंने सोमवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान रामपुरा मुक्ति धाम में चंबल रिवरफ्रंट का काम देखते हुए वे नाराज हो गए।

निर्माण कार्य से जुड़ी एक फाइल को लेकर चर्चा चल रही थी। जिसमें जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा के पास फाइल 1 महीने से पेंडिंग होने की बात सामने आई थी। इस पर धारीवाल राजेश जोशी पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि क्या आप कलक्टर से डरते हैं। आपको कलेक्टर ने यहां पर लगा रखा है या फिर मैंने। मैंने आपको पदस्थापित करवाया है या कलक्टर ने इस तरह से फाइल को कलक्टर रोक लेता है तो मुझे जानकारी क्यों नहीं दी जाती है। पहले भी मैंने कई बार यह बात आपसे कही है। बड़ तिराहे के नजदीक बन रही लाइब्रेरी के कार्य में देरी के लिए मंत्री ने ठेकेदार को जुलाई तक का समय दिया। उन्होंने कहा कि जुलाई तक काम पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ यूआईटी के ओएसडी आरडी मीणा व आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया सहित कई अधिकारी मौजूद थे। यूडीएच मंत्री ने लाडपुरा गेट पर भी निरीक्षण किया था। यहां से वे काफिला छोड़ कांग्रेस कार्यकर्ता के घर शादी समारोह में शरीक होने के लिए स्कूटर पर सवार होकर निकल गए। वे कांग्रेस कार्यकर्ता के स्कूटर पर बैठकर विक्रम चौक पहुंचे।

कोटा में सर्किट हाउस से घंटाघर जाने वाली सड़क मार्ग पर गवर्नमेंट कॉलेज के सामने पौधे लगाने के काम में देरी पर मंत्री ने नाराजगी जताई और ठेकेदार को निकम्मा कह दिया।

पावटा-प्रागपुरा बंद पूर्णतया सफल रहा



सर्व समाज के बाजार बंद के आव्हान के बाद पावटा-प्रागपुरा के बाजार में पसरा सन्नाटा।

पावटा, (निसं)। पावटा-प्रागपुरा सर्व समाज के नेतृत्व में उदयपुर में घटित कन्हैया लाल हत्याकांड के विरोध में बंद रहा। बंद के आव्हान पर पावटा-प्रागपुरा सहित उपखंड क्षेत्र के सभी व्यापारिक संगठनों ने स्वैच्छिक समर्थन देते हुए व्यापारियों और दुकानदारों ने इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कन्हैयालाल हत्याकांड के खिलाफ रोष प्रकट किया। जिससे कस्बे के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

सुबह 9.30 बजे प्रागपुरा रामलीला मैदान में सर्व हिंदू समाज, सामाजिक संगठन व व्यापारिक संगठन एवं जनप्रतिनिधियों और सभी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गा वाहिनी, मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित संपूर्ण सामाजिक संगठन के प्रमुख लोग एकत्रित होकर रैली के रूप में प्रागपुरा से पावटा पहुंचे। वहीं पैदल मार्च में सर्व हिंदू समाज के लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर कन्हैयालाल को 2 मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर पावटा उपखण्ड अधिकारी राजवीर सिंह को विभिन्न मांगों पर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा।

■ **शांतिपूर्ण रैली निकाली, हनुमान चालीसा का पाठ किया**

पावटा प्रागपुरा में बंद को देखते हुए सुबह से ही पुलिस अधिकारी गश्त करते हुए नजर आए। विभिन्न स्थानों पर पुलिस एवं प्रशासन अलर्ट रहे। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि शहर में 50 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। इस मौके पर जिला संघ चालक पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, प्रागपुरा मदन सैनी, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, महामंत्री एससी मोर्चा बद्री प्रसाद चौहान, भाजपा एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा सहित सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

दुकान के बाहर सो रहे दुकानदार की पत्थर मारकर हत्या

कोटा, (निसं)। जिले के छावनी रामचंद्रपुरा में रविवार रात एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई। बदमाशों ने मृतक के सिर पर पत्थर से हमला किया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना रविवार देर रात की है जिसकी जानकारी पुलिस को सोमवार सुबह मिली। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम सुरेश धोबी है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने उसका शव दुकान के बाहर पड़ा हुआ देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

■ **पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया**

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। छावनी चौकी के प्रभारी कप्तान सिंह का कहना है कि सुरेश ड्राई क्लीनर की दुकान संचालित करता था और उसी दुकान में रहता था। वह बीते 20 सालों से अपने परिवार से अलग रह रहा था। गर्मी की वजह से सुरेश दुकान के बाहर सो रहा था इस बीच यह घटना घटित हो गई।

छह नकाबपोश बदमाशों ने आधे घंटे में की एक्सिस बैंक में एक करोड़ की डकैती

तीन बाइक पर आए थे बदमाश, कर्मचारियों को बंधक बनाकर कैश-गोल्ड ले गए

अलवर, (निसं)। तीन बाइकों पर आए हथियारों के साथ आए 6 बदमाश बैंक से 78 लाख रुपए और 26 लाख रुपए का सोना लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने महज 30 मिनट में डकैती को अंजाम दिया।

एक्सिस बैंक में लूट की घटना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

घटना भिवाड़ी के रीको चौक स्थित एक्सिस बैंक ब्रांच की है। भिवाड़ी एसपी शांतनु कुमार ने बताया कि 3 बाइक पर 6 बदमाश आए थे। यहां एक्सिस बैंक कर्मचारियों को बंधक बनाया। पुलिस सीसीटीवी खंगाल कर डकैतों की पड़ताल में लगी है। बैंक कर्मियों ने पुलिस को बताया कि करीब 10 बजे बैंक खुला ही था, डकैत बाइक से आए थे। इनके चेहरे पर मास्क लगा था और उनके पास हथियार थे। बैंक में घुसते ही डकैतों ने कर्मचारियों को बंधक बना लिया और लॉकर की चाबी ले ली। कर्मचारियों ने बताया कि डकैत अपने साथ बैग भी लेकर आए थे। लॉकर में जितने रुपए और गोल्ड मिला वो लेकर फरार हो गए।

एसपी शांतनु कुमार सहित अन्य पुलिस अफसर मौके पर हैं। पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी गई है। बैंक से सीसीटीवी लिए गए हैं। एसपी ने बताया कि बाइक व हुलिया के आधार पर पहचान हो रही है। वे जिस रास्ते से आए थे, उसके बारे में भी जानकारी मिल गई है। टीमों को पीछे लगा दिया गया है और जल्दी आरोपी पकड़े जाएंगे।

लोहे के सरियो से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी कार; डॉक्टर की मौत, साथी गंभीर घायल

हादसा इतना भयावह था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखा एक मोटा सरिया कार का शीशे तोड़ता हुआ डॉ. प्रवीण व्यास के गाल में घुसकर अंदर से गर्दन तोड़कर बाहर निकल गया क

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। दौसा से शॉपिंग करने जयपुर आए दो डॉक्टर रविवार रात को वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार आगे चल रही मोटे सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई।

एक सरिया कार के शीशे को तोड़ता हुआ डॉक्टर के गाल में घुस गया, जो उसकी गर्दन तोड़ते हुए बाहर निकला। हादसे में डॉक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी डॉक्टर का एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया, जबकि दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू की है।

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया डॉ. प्रवीण व्यास (38) निवासी गोविंद नगर, नई मंडी रोड दौसा और डॉ. अमित शर्मा (38) संचालक राय नर्सिंग होम, दौसा रविवार सुबह शॉपिंग करने जयपुर आए थे। यहां से वापस लौटते वक्त रात करीब 11:30 बजे सांगानेरी गेट के पास सरकारी स्कूल के सामने आगे चल रही मोटे सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में उनकी कार घुस गई। ट्रॉली में रखा एक मोटा सरिया कार के शीशे को तोड़ता हुआ चालक डॉ. प्रवीण व्यास के गाल में घुस गया, जोकि अंदर से गर्दन तोड़ता हुआ बाहर निकल गया। मौके पर ही डॉ. प्रवीण व्यास की मौत हो गई, जबकि डॉ. अमित के सिर में गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। दरअसल, ट्रॉली में पुलिया निर्माण के काम में आने वाला मोटा सरिया भरा हुआ था। चालक ने सरियो पर पीछे सावधान करने के लिए किसी तरह का कोई कपड़ा या लाइट नहीं लगाई हुई थी। घटनास्थल पर रोड लाइट भी बंद थी। संभवतया कार चला रहे डॉ. प्रवीण व्यास को दूर से ट्रॉली नजर नहीं आई और जब वह नजदीक पहुंचा तो बहुत देर हो चुकी थी। अचानक कार ट्रॉली में घुस गई और डॉ. प्रवीण व्यास मौत का शिकार हो गए। पुलिस के अनुसार मृतक डॉ. प्रवीण व्यास ने बीडीएस की पढ़ाई की थी। उनकी पत्नी भी टीचर हैं, उनके दो बच्चे हैं। बताया जा रहा है कुछ माह पहले ही बस्सी में लैब टेक्नीशियन की नौकरी लगी थी। वहीं डॉ. अमित का दौसा में राय नर्सिंग होम है।

हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रेक्टर-टॉली को पुलिस ने जब्त किया।

- सांगानेरी गेट स्थित सरकारी स्कूल के पास रविवार देर रात हुआ था हादसा, ट्रैक्टर चालक फरार
- दौसा से जयपुर शॉपिंग करने आये थे दोनों डॉक्टर, घायल अमित शर्मा का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी

टीम मुरथल मैग्नेट्स ने जीता युवा कबड्डी सीरीज समर एडिशन 2022 का खिताब

जयपुर (कासं)। 30 जून से 3 जुलाई तक चले भारत के दूसरे सबसे ज्यादा प्रसिद्ध युवा कबड्डी सीरीज, समर एडिशन 2022 का फिनाले राउंड के साथ शहर में भव्य समापन हुआ।

हरियाणा और राजस्थान के बीच हो रहे इस नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका इस बार जयपुर को मिला। जहां लगभग 40 दिन से चल रहे इस सीरीज का आयोजन शहर के संस्कार स्कूल में किया जा रहा था। चार राउंड्स में चले इस सीरीज में राजस्थान और हरियाणा से आमंत्रित की गई 11 टीम्स ने पार्टिसिपेट किया। इस दौरान फिनाले मैच में हरियाणा से आई मुरथल मैग्नेट्स ने जीत का ताज अपने नाम किया। 28 मई से शुरू हुए सीरीज के दौरान 11 टीमें, 180 से ज्यादा प्लेयर्स, 124 मैचेस के साथ युवा कबड्डी सिरीज में अपनी जगह बनाने के लिए आपस में भिड़त की। जिस दौरान 11 टीमों में से क्वालीफाई हुई 6 टीमों ने आपस में ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा की। शो के फिनाले मे 6 टीमें मुरथल मैग्नेट्स, हम्पी हीरोज़, काज़ीरंगा राइनोज, अरावली एरोज़, पेरियर पैंथर्स, ताडोबा टाइगर्स फिनाले मैचेस का हिस्सा रही। जहां 30 जून से 30 जुलाई तक हुए 8 फिनाले मैचेस में जीतने वाली विनर टीम मुरथल मैग्नेट्स को 20 लाख, रनरअप टीम पेरियर पैंथर्स को 10 लाख, और थर्ड पोजिशन पर रही टीम हम्पी हीरोज़ को 5 लाख रूपए का सम्मान दिया गया। वहीं चौथे स्थान पर काज़ीरंगा राहिनोस, पांचवे स्थान पर राजस्थान से अरावली एरोज़, छठे स्थान पर ताडोबा टाइगर्स टीम्स रही।

- दूसरे व तीसरे स्थान पर रही पेरियर पैंथर्स और हम्पी हीरोज़
- प्रदेश की अरावली एरोज़ रही सीरीज में पांचवें स्थान पर

हरियाणा और राजस्थान के बीच जयपुर में हो रहे नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

प्रदेश में करोना से दो लोगों की मौत हुई सोमवार को

राज्य में बीते 24 घंटों में 109 नए संक्रमित मिले, रविवार को 106 रोगी पाए गए थे

जयपुर (कासं)। प्रदेश में करोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके चलते राज्य में सोमवार को इस बीमारी से दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं 109 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच रिकवरी में थोड़ा सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 891 रह गए हैं।

प्रदेश में सोमवार को करोना से दौसा और करौली जिले में 1-1 मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9568 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें दौसा में अब तक 82 जबकि करौली में 85 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में करोना से सबसे ज्यादा 2114 मौतें जयपुर जिले में हुई है। इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 17 जिलों में 109 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 106 रोगी पाए गए थे। आज राजधानी जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 29 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 24, जोधपुर में 10, अजमेर और उदयपुर में 8-8, भीलवाड़ा में 7, सिरोही में 5, अलवर, चित्तौड़गढ़, दौसा और जालोर में 3-3 तथा बांसवाडा, बारां, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, करौली और टोंक में 1-1 मरीज मिला है। वहीं 16 जिलों बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, चूरू, धौलपुर, गंगानगर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और सीकर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 164 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 891 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 87 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 352 रह गए है। जयपुर जिले में सबसे ज्यादा 5 संक्रमित मालवीय नगर में पाए गए हैं। सांगानेर में 4, सिविल लाइन्स में 3, जगतपुरा और सोडाला में 2-2 तथा आमेर, बनीपार्क, चांदपोल, दुर्गापुरा, जमवारामगढ़, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, कानोता, खातीपुरा, मानसरोवर, सिरसी और सुभाष चौक में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

- जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 29 नए मरीज मिले
- प्रदेश में सोमवार को 164 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 891 रहे

राजस्थान रोडवेज की जयपुर-कटरा एक्सप्रेस बस कल से शुरू होगी

जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की एक्सप्रेस बस सेवा जयपुर-कटरा वाया देहली मार्ग पर 6 जुलाई से संचालित किया जावेगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुये जयपुर- कटरा वाया देहली मार्ग पर संचालित किया जावेगा। इस बस सेवा का लाभ जयपुर, देहली, लुधियाना, जालन्धर, तथा जम्मू के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। वर्मा ने बताया कि जयपुर- कटरा वाया देहली मार्ग पर जयपुर से प्रात: 6.17 बजे रवाना होकर देहली 13.15, लुधियाना 19.15, जालन्धर 22.10, जम्मू 3 बजे कटरा 4 बजे पहुँचायेगी। वापसी में कटरा से 12.40 बजे रवाना होकर जम्मू 14.50, जालन्धर 21.07, लुधियाना 23 देहली 4, जयपुर 10 बजे पहुँचेगी। जयपुर से कटरा एक्सप्रेस बस सेवा का प्रति यात्री किराया 1085 रूपये निर्धारित किया गया है।

राज्यपाल से भंडारी मिले

जयपुर (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भण्डारी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा

जयपुर। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक और मार्गदर्शक मंडल, प्रान्तीय सदस्य व सभी जिला संयोजकों की बैठक जयपुर में राजकीय मुद्रणालय स्थित कार्यालय में हुई। प्रदेश प्रवक्ता देवी सिंह नरूका ने बताया कि बैठक में मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा हुई। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख वित्त सचिव और कार्मिक सचिव को 11 जुलाई को ज्ञापन देकर 31 जुलाई तक सरकार से संघर्ष समिति के साथ वार्ता करने की मांग की जायेगी। अगर सरकार तय अवधि में वार्ता कर उचित समाधान नहीं करती है तो प्रांतव्यापी आन्दोलन करेंगे।

नरूका ने बताया कि बैठक में 1 जुलाई 2013 से कनिष्ठ सहायक को 2400-ग्रेड पे में आरम्भिक वेतन 9840 और 7वें वेतनमान में 25300, सचिवालय के समान सहायक प्रशासनिक अधिकारी को तथा 18 वर्षीय एसीपी में एल-11 (ग्रेड पे 4200), पंचायती राज संस्थाओं में मंत्रालयिक कर्मचारियों के अन्य विभागों के समान पदोन्नति के पदों के सृजन और अर्न्तजिला स्थानान्तरण, गृह जिले से अन्यत्र जिलों में पद स्थापित कार्मिकों के गृह जिले में स्थानान्तरण, एक वर्ष में दो डीपीसी के आदेश जारी करवाने तथा अनुभव में एकबारीय छूट का लाभ 31 मार्च 2023 तक दिए जाने, निदेशालय के गठन में राजस्थान के सम्पूर्ण मंत्रालयिक कर्मियों की वरिष्ठता सूची इकजाई करने तथा सचिवालय को भी इसमें शामिल करने के मुद्दे प्रमुख रहे। इसके अलावा राजस्व मण्डल का विघटन नहीं किए जाने, पेंशन, स्थानीय निधि, अंकेक्षण आदि विभागों को बन्द नहीं किए जाने, पदोन्नति में पद पर कार्यानुभव में कुल सेवावधि पर्याप्त होने पर छूट दिए जाने, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी से ऊपर के पदों को राज्य सेवा में शामिल किए जाने, संस्थापन अधिकारी से ऊपर उप निदेशक प्रशासन का पद सृजित किए जाने समेत कई मांगों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक मण्डल के सदस्य महेन्द्र सिंह धायल, राजेश पारीक, सूरज प्रकाश टाक, शेरसिंह यादव, देवेन्द्र सिंह नरूका, छोटेलाल मीणा, फतेह बहादुर, उमेश शर्मा, बलराम गुर्जर, कृष्णेन्दु चटर्जी, श्रवण कुमार, मुकेश गुर्जर, दिलीपसिंह राजावत, बल्कार सिंह, गुरजीत सिंह, संदीप चहल, नन्दराम, देवकीनन्दन, जगमोहन अरोड़ा, सुभाष

- कर्मचारी समस्याओं पर सरकार अगर वार्ता नहीं करेगी तो प्रांत व्यापी आंदोलन करेंगे : नरूका

पत्रकार अनुभा जैन रोटरी बैंगलुरु साउथवेस्ट की निदेशक अंतर्राष्ट्रीय सेवा के मानद पद पर नियुक्त'

जयपुर/बैंगलोर। जयपुर की मूल निवासी पत्रकार रोटेरियन अनुभा जैन को रोटरी बैंगलोर साउथवेस्ट, डिस्ट्रिक्ट 3190 में वर्ष 2022-23 के लिए मानद निदेशक अंतर्राष्ट्रीय सेवा और एडिटर बुलेटिन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। बैंगलोर के लवेल रोड में रोटरी हाउस ऑफ फ्रैंडशिप में 2 जून को आयोजित ग्रैंड इंस्टोलेशन सेरेमनी 'संकल्प' में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटेरियन जितेन्द्र अनेजा की उपस्थिति में 2022-23 के रोटरी बैंगलरु साउथवेस्ट के नये रोटरी बोर्ड को गठित किया गया। 2022-23 के लिये प्रेसिडेंट के पद पर रोटेरियन संदीप राजा और सचिव के पद पर रोटेरियन सुबोध खांडेकर को नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व रोटेरियन अनुभा जैन रोटरी बैंगलोर साउथवेस्ट में वुमन एंपावरमेंट कमेटी की अध्यक्ष एवं निदेशक पब्लिक इमेज भी रह चुकी है। अनुभा एक जानी-मानी पत्रकार लेखिका है। इस मौके पर आई.पी.पी रोटेरियन अमरचंद रान्दड, आई.पी.डी.जी. रोटेरियन डॉ.समीर हरियानी, रोटेरियन डॉ.रूपा हरियानी, वरिष्ठ रोटेरियन भी मौजूद थे।

सार-समाचार

आत्मनिर्भर एनजीओ ने पौधे लगाए

जयपुर (कासं)। आत्मनिर्भर एनजीओ की तरफ से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विद्याधर नगर सेक्टर8 के पार्क में पेड़ लगाए गए और साथ में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के बारे मे जनता ओर बच्चो को जानकारी दी गई जिससे सभी लोग सरकार के इस आदेश को समझे और अपनी जीवनशैली में जल्द से जल्द अपना सके। पार्कों की स्वच्छता को लेकर भी जोर दिया गया और चिप्स पैकेट्स ओर प्लास्टिक बोटेल्स को जहां तहां फेंकने पर रोक लगाने को अपील की गई।मुख्य अतिथि में रामेश्वर सैनी, पार्षद रूप कंवर और हरिओम सिंह चौहान वार्ड न 24 उपस्थित रहे। इस प्रोग्राम में आत्मनिर्भर एनजीओ के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी के साथ सेक्रेटरी प्रवेश सिंह, मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र शर्मा और अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

डॉक्टर्स म्यूजिक लीग का ऑक्शन

जयपुर। मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाध्यान में 22 से 24 जुलाई तक होने वाली प्रथम अनूठी डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग गायन प्रतियोगिता के लिए 3 जुलाई को ऑक्शन का आयोजन किया गया। इसमें आठ फ्रेंचाइजी-हॉस्पिटल्स ने अपनी टीमें बनाने के लिए चिकित्सक प्रतियोगियों की बोली लगाई। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को बोली लगाने के लिए कुल एक करोड पॉइंट्स आवंटित किए गए थे। हर फ्रेंचाइजी ने अपनी अपनी रणनीति के हिसाब से पॉइंट्स खर्च कर आठ-आठ प्रतियोगी खरीदे। ऑक्शन में टीम अक्स लेजर एंड कॉस्मेटिक ने अपने सबसे महंगे खिलाडी डॉ. महेश बागडी को 41 लाख पॉइंट्स, टीम एसआरके हॉस्पिटल ने डॉ. निशा को 53 लाख पॉइंट्स , टीम मंगलम हॉस्पिटल ने डॉ.महेश कडेल को 31 लाख पॉइंट्स , टीम त्यागी आई हॉस्पिटल ने डॉ.प्रियंका पाटीदार को 19 लाख पॉइंट्स, टीम कृष्णा हॉस्पिटल ने डॉ.भूपेन को 32 लाख पॉइंट्स, टीम सीतादेवी हॉस्पिटल ने डॉ.मनीष चंदेल को 32 लाख पॉइंट्स में और टीम आंगन मेडिनोवा ने डॉ.सुनिश गोयल को 13 लाख पॉइंट्स में खरीदा। इस अवसर पर प्रतियोगिता का थीम सॉन्ग "डी एम पी एल मेरी जां" आयोजन में प्रदर्शित करने के साथ ही यू ट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भी लॉन्च किया गया, जिसे बहुत सराहा गया। ऑक्शन के इस अवसर पर डॉ. अतुल पुरोहित, डॉ.अमित माथुर, डॉ. जितेंद्र मक्कड, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. जयंत शर्मा, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ.सुनील अरोरा, डॉ.उत्तम सोनी, डॉ.हर्षुल टाक व शहर के कई अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉ.अनिल यादव के अनुसार यह आयोजन डॉक्टर्स के बीच मेल-मिलाप बढ़ाने व उनके मानसिक तनाव को कम करने का एक अच्छा माध्यम बनेगा। ये प्रतियोगिता कोविड वॉरियर्स को समर्पित है।

इंटनेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

जयपुर (कासं)। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में "मानव क्षमताओं का विकास" पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भूटान, इराक, इथियोपिया, ग्वाटेमाला, केन्या, सूडान, ताजिकिस्तान, जाम्बिया, तंजानिया, कोटे डी आइवर, सेंट किट्स एंड नेविस, गुयाना, इरिट्रिया सहित सत्रह देशों के 28 प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारत सरकार के नीति आयोग के तहत एक स्वायत्त संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट के सहयोग से आयोजित किया गया। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ प्रभात पंकज ने खुशी और मानसिक कल्याण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। टीना जैन, चेयर-एक्जक्यूटिव एज्युकेशन एंड कंसलटेंसी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

बसपा के 12 पदाधिकारी निलंबित

जयपुर (कासं)। बहुजन समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने पार्टी में अनुशासन हीनता बरतने व संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण 12 पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इनमें हरीसिंह तैनगुरिया जिला प्रभारी भरतपुर, अमर सिंह बंशीवाल जिला प्रभारी करौली, सुरेन्द्र बासोटिया जिला प्रभारी जयपुर, हनुमान जग्गरवाल जिला प्रभारी जयपुर ग्रामीण, राहुल बैरवा जिला प्रभारी दौसा, श्याम भण्डारी जिला प्रभारी दौसा, देशराज शक्करवाल जिला प्रभारी अलवर, पुखराज मेघवाल जिला प्रभारी नागौर, एच के लहरी जिला प्रभारी कोटा, राधेश्याम मेघवाल जिला प्रभारी चित्तौडगड़, जगदीश चन्द्रपाल जिला प्रभारी उदयपुर, शंकरलाल वर्मा जिला प्रभारी बाडमेर शामिल है।

अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया शुरू

जयपुर (कासं)। भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के तहत ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गये है जिसके लिये इच्छुक अविवाहित पुरुष उम्मीदवार भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। भर्ती के लिए 5 जुलाई सांय 5 बजे तक लॉग इन कर ऑनलाईन पजीकरण कर सकते है। डिफेंस पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि अविवाहित पुरुष उम्मीदवार जो 29 दिसम्बर 1999 से 29 जून 2005 तक जन्मे है वे इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। भर्ती प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में 50 फीसदी अंक होना जरूरी है या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।

मृतक के परिजनों की तलाश

जयपुर (कासं)। अशोक नगर थाना पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि 2 जुलाई को सुबह 11 बजे भोजपुरा रेलवे लाइन के पास 45 वर्षीय अधेड़ युवक अचेत मिला, जिसे एएसआई मुकेश चंद ने सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर मृतक के परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

अवैध बिल्डिंगों की "सील की डील" पर शिकंजा कसने की तैयारी में राज्य सरकार?

सभी प्राधिकरण, न्यास और निकायों के लिए नई नीति जल्द जारी होगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। शहरों में अवैध बिल्डिंगों में 'सील की डील' पर शिकंजा करने की तैयारी राज्य सरकार ने कर ली है। जल्द ही नई पॉलिसी को सभी 238 निकायों और 17 नगर विकास न्यास तथा 3 विकास प्राधिकरणों पर लागू किया जायेगा।

सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित नई नीति के मुताबिक अवैध इमारतों की सील खोलने से पहले निर्माणकर्ता से नगरीय निकाय बतौर शुल्क सिक्योरिटी राशि वसूलेंगे। जो कि 100 से 500 रुपए प्रति वर्गफीट तक होगा। साथ ही तय वक्त में अवैध निर्माण हटाने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा। अगर निर्धारित समय में भूखंड़धारी अवैध निर्माण हटा लेता है तो उसे शुल्क वापस लौटा दिया जाएगा। तय अवधि में निर्माण नहीं हटाने पर संबंधित निकाय अपने स्तर पर अवैध निर्माण ध्वस्त करेगा और खर्च की वसूली निर्माणकर्ता से करेगा। इस नीति को लेकर अफसरों ने नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के साथ चर्चा कर ली है। जल्द ही इसके आदेश जारी होंगे। यह नीति सभी प्राधिकरण, न्यास व निकायों में लागू होगी।

सूत्रों की मानें तो आवासीय, कॉमर्शियल, औद्योगिक, संस्थानिक उपयोग के अनुसार अलग-अलग शुल्क तय किया जा रहा है। अगर शुल्क जमा कराने और शपथ पत्र देने के बाद भी भूखंडधारी अवैध निर्माण नहीं हटाता है तो उसका जमा शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही निर्माणकर्ता के खिलाफ निकाय इस्तगासा भी पेश करेगा। ज्ञात रहे कि राजस्थान विधियां संशोधन अधिनियम 2021 के तहत निकायों को अवैध निर्माण सील करने का अधिकार तो दिया गया, लेकिन उसे खोलने का अधिकार नहीं दिया। इस अधिनियम के तहत राज्य सरकार की सहमति या सरकार के प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही सील खोलने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यदि कोई अफसर अपने स्तर पर सील खोलने का निर्णय करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान है।

- सूत्रों के मुताबिक सील खोलने से पहले निर्माणकर्ता से 100 से 500 रु. प्रति वर्गफीट सिक्यूरिटी राशि वसूलेगा निकाय, तय समय में अवैध निर्माण हटाने पर वापस लौटायी जायेगी रकम
- अगर तय वक्त में अवैध निर्माण नहीं हटाया जाता है तो निकाय प्रशासन भूखंड़धारी द्वारा जमा शुल्क को जब्त करके खुद के स्तर पर इसे ध्वस्त करेगा और खर्च वसूली निर्माणकर्ता से की जायेगी

मॉडल के एक तरफा प्यार में 9वीं पास युवक बना हैकर

जयपुर (कासं)। एक तरफा प्यार में मॉडल युवती (24) को परेशान करने का मामला सामने आया है। युवती की खास फोटो सोशल मीडिया पर डालकर परेशान करने वाला भी उसी की बिल्डिंग में रहने वाला 9वीं क्लास का युवक था, लेकिन युवती को इसकी भनक तक नहीं लगी। खास बात ये है कि दोनों में दोस्ती भी थी। इसके बावजूद युवती को नहीं पता चला कि सोशल मीडिया पर जो युवक उसे परेशान कर रहा है, वो ये ही है। इस पर उसने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है। इसके बाद आरोपी को बगरू से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी गौरव सक्सेना (21) है। जो प्रतापनगर (जयपुर) का रहने वाला है। पीड़ित युवती और आरोपी गौरव दोनों एक ही बिल्डिंग में रहते है। दोनों के फ्लैट ऊपर-नीचे ही है। इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई, दोस्ती हो गई। इस दौरान गौरवख मॉडल को कई जगह ऑडिशन के लिए लेकर जाता था। ऑडिशन दिलाते-दिलाते युवक तो युवती से एक तरफा प्यार हो गया। आखिर प्यार का इजहार करने पर युवती ने मना कर दिया। इससे गुस्साए युवक ने इंटरनेट की मदद से युवती का इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी हैक कर ली। युवक आईडी हैक कर युवती के सोशल मीडिया अकाउंट ऑपरेट करता रहा। इस दौरान युवती के मोबाइल से कुछ खास फोटो निकाले लिए। जो मॉडल ने स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट के जरिए खिंचवाए थे। इन फोटो को मॉडल सोशल मीडिया पर शेयर नहीं कर सकती थी। युवक सोशल मीडिया के जरिए बार-बार मॉडल को ब्लैमकमेल कर बात करने के लिए दबाव बनाता रहा। युवती को लगा उसका अकाउंट हैक हो गया। युवती ने जब बात करने से मना कर दिया तो फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए। जो युवती ने खास फोटोशूट के लिए करवाए थे। इस पर युवती ने 1 जुलाई को जयपुर कमिश्नरेट के साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया। साइबर पुलिस ने जांच पड़ताल आरोपी का आईपी एड्रेस ट्रेस किया तो गौरव सक्सेना के बारे में जानकारी मिली।

समन्वय कमेटी बताए रामगढ़ बांध को लेकर किन आदेशों की पालना नहीं हुई : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर पांच सदस्यीय समन्वय कमेटी का गठन किया है। अदालत ने कमेटी को कहा है कि वह चार्ट पेश कर बताए कि रामगढ़ बांध को लेकर अब तक हाईकोर्ट ने क्या-क्या आदेश दिए हैं और उनकी पालना में क्या कार्रवाई की गई।

इसके अलावा चार्ट में यह भी बताने को कहा है कि अब तक किन आदेशों की पालना नहीं हो पाई है। अदालत ने कमेटी को इस संबंध में एक माह में बैठक करने के बाद अगले 45 दिनों में यह रिपोर्ट तैयार कर पेश करने को कहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मामले में अदालती आदेश की पालना में समन्वय कमेटी गठित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आईएएस समित शर्मा को नोडल ऑफिसर बनाते हुए हैड ऑफ फॉरेस्ट डीएन पांडे, राजस्व विभाग के आरएएस श्याम सिंह शेखावत और जल संसाधन विभाग के सचिव सहित एक अधिवक्ता का नाम सुझाया। इस पर अदालत ने अधिवक्ता की जगह वाटर प्लानिंग के चीफ इंजीनियर रवि सोलंकी को कमेटी में शामिल कर कमेटी गठित की है। वहीं न्याय मित्र वीरेन्द्र डांगी और अशोक भार्गव की ओर से रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें बताया गया कि जमवारामगढ़ के केलाकाबास ग्राम पंचायत के टोडालडी गांव के पास से गुजर रही बाणगंगा नदी में सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क निर्माण करा रहा है और सड़क की सुरक्षा के लिए ऊंची दीवार बनाई गई है। जिसके चलते भविष्य में पानी के बहाव में बाधा बन सकती है। इस संबंध में मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा गया है। इसके अलावा रामगढ़ बांध तक पानी पहुंचाने वाली बाण गंगा, माधो बेणी और ताला नदी के कुल 111 किलोमीटर के बहाव क्षेत्र में तीन से चार मीटर मिट्टी है। हाईकोर्ट ने मिट्टी काटकर पानी निकास के लिए नाली बनाने को कहा था, लेकिन अभी तक सिर्फ 17 किलोमीटर से ही मिट्टी हटाई गई है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने मामले में कमेटी गठित कर उसे रिपोर्ट पेश करने को कहा है। गौरतलब है कि रामगढ़ बांध में अतिक्रमण और पानी नहीं पहुंचने के मामले में हाईकोर्ट ने वर्ष 2011 में स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था। वहीं अदालत वर्ष 2012 में मामले का निस्तारण कर राज्य सरकार और मॉनिटरिंग कमेटी से समय-समय पर पालना रिपोर्ट मांग रही है।

- अदालत ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर पांच सदस्यीय समन्वय कमेटी बनाई, अगले 45 दिन में कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी कमेटी

एयरपोर्ट पर यात्री के सूटकेस से कारतूस बरामद

जयपुर (कासं)। जयपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को अजीब घटनाक्रम सामने आया। दरअसल, स्पाइसजेट एयरलाइन की जयपुर से गुवाहटी जाने वाली उडान संख्या एसजी-696 में यात्रा के दौरान यात्री के पास से कारतूस बरामद हुआ।

जानकारी के मुताबिक यात्री जैसे ही एयरपोर्ट पर पहुंचा, तब बोर्डिंग से पूर्व बैगेज चैकिंग में स्केनर मशीन के जरिए बैग में गोली दिखाई दी। सूटकेस को खोलने पर सुरक्षा कर्मियों जांच करने पर पता चला कि यह कारतूस डेड हो चुका है। पड़ताल करने पर सामने आया कि यात्री चबित बर्मन असम निवासी बीएसएफ में कार्यरत है। भूलवश बैग में कारतूस ले आया था।

ARBiT
it happens here...

Mechanical Pencil Day

Mechanical pencils have so many uses in the workplace. People use pencils every day to calculate payroll, write letters, and complete their work. Students especially use them in schools to do their homework and get good grades. While much of the world has moved towards digital format, mechanical pencils make writing and design easier than ever before. Mechanical Pencil Day celebrates the history of these pencils and encourages people to celebrate mechanical pencils and their uses in our daily lives.

राष्ट्रदूत
TUESDAY
5 July 2022
A-B

#THEATER

Lapat: Igniting the Fire Within

From an oppressed young girl destined to die in flames of Sati to becoming a firebrand of revolution, the play 'Lapat' through the character of Meera highlights the conditions of India in 1857, delves into the nuances of colonization and the mental tragedy it caused to the ordinary people. For the first time in the history of JKK, a theatre production was presented by underprivileged children.

Tusharika Singh
Freelancer writer and city blogger

July 3, 2022 became a significant day in the history of Pink City's art and culture center Jawahar Kala Kendra, as for the first time a grand theatre production was presented by underprivileged children. As many as 27 children of Sitaram Nagar Kachhi Basti performed a powerful play 'Lapat' directed by theatre artiste, Mudita Choudhary, which highlighted the conditions of the country in 1857 as well as women's contribution to the fight for independence. The play was jointly organized by Jawahar Kala Kendra and Indian Women Impact NGO, the social arm of Indian Women Blog.

Celebrating the unsung warriors of freedom

Though India's freedom struggle saw a significant participation of women, many heroines of independence have remained invisible to this day - unknown and unsung. The few freedom fighters who made it into history books invariably came from elite or middle class backgrounds. However, there were innumerable ordinary women with no formal education, hailing from poverty-stricken and conservative homes, who got involved in the struggle with undaunted spirit and fierce passion. Through the character of Meera, the play's protagonist, the drama celebrates the forgotten contribution of such unheard warriors of freedom.

Based on Supriya Kelkar's novel 'Strong as Fire, Fierce as Flame', the play is a story of Meera and how her character evolves from an oppressed young girl destined to die in flames of sati to a firebrand of revolution.

Play's characters & their portrayal stuns the audience

In addition to the character of Meera (played by Anjali), who is the play's protagonist, characters like Bhavani (played by Kiran) and Charan (played by Ritu) completely won the hearts of the audience. Meera's friend Bhavani is the daughter of a martyred freedom fighter. She wants to avenge the death of her father from the British. In their fight against the British, a woman named Charan, who has been a part of British Army as a man for a long time also supports her.

The character of a quintessential white 'memsaab', deftly played by Varun, left the audience completely in splits. It was only during the cast credits at the end of the show that it was revealed that the character was actually played by a boy.

Rigorous Training Process

The children who performed in the play went through a scrupulous training process as a part of a 40-day summer camp designed for them. They learnt various aspects of theatre such as speech training, body language and voice modulation among others. Sharing her experience of being a part of the play and the training, Anjali who played the role of Meera said: "Being on such a huge stage was initially quite overwhelming and it made me anxious. But gradually I became confident and worked on my voice and body language. Now I am looking forward to participating again in theatre."

"Weekly lectures were also conducted for the children with the Head of History Department, Rajasthan University, Dr Sangeeta Sharma to help the kids immerse into the era and deliver the performance with historic accuracy."

गौरतलब है कि कांवडिये गौमुख से मां गंगा के पवित्र जल की कांवड़ भर कर पदयात्रा करते हुए आगामी श्रावण मास में निकटवर्ती बालेश्वर धाम में विसर्जित करेंगे। पटेल ने सभी कांवडियों को उनकी सफल पदयात्रा के लिए बधाई दी। इस दौरान छीत्तरमल कसाना, रामरतन पहलवान, प्रकाश पायला, महेश रावत, माडुराम कसाना, हरिराम कसाना, रोहिताश्व चेलवरवाल, रघुवीर पायला, महेश कसाना, धन्नाराम रावत, कृष्ण गुर्जर सहित 51 कांवडियों का जत्था रवाना हुआ।

सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक: जूली

अलवर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। वर्तमान के ग्लोबलाईजेशन के दौर में सभी को जागरूक होकर इस दिशा में संयुक्त रूप से प्रयास करने चाहिए।

मंत्री जूली सोमवार को अशोक सर्किल पर रोटरी क्लब अलवर फोर्ट की ओर से आयोजित पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत आमजन को कपड़े से बने थैले वितरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए सभी को साथ लेकर अलवर शहर को पॉलिथीन मुक्त करने के लिए अलवर को प्रदेश में आदर्श शहर बनाया जायेगा।

मंत्री टीकाराम जूली ने रोटरी क्लब अलवर फोर्ट की ओर से आमजन को कपड़े से बने थैले वितरित किये।

इस अवसर पर हराभरा अभियान के तहत मंत्री जूली ने पौधारोपण किया तथा वर्तमान समय में पानी की विकट समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद कच्ची बस्ती के वांशिदों के लिए निःशुल्क पेयजल टैंकर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अभिषेक तनेजा, मुकेश मीणा, आशुतोष शर्मा, अर्पित गुप्ता, अनुपम चौधरी, मधुर अग्रवाल सहित सामाजिक सरोकार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वामी टेऊराम महाराज का जन्मोत्सव मनया

खैरथल, (निस)। प्रेम प्रकाश आश्रम सतगुरु स्वामी टेऊराम महाराज का पांच दिवसीय जन्मोत्सव का सोमवार को समापन समारोह किया गया। इस अवसर पर आश्रम के प्रभारी संत हरिइंद्र प्रेमप्रकाशी ने सत्संग में प्रवचन देते हुए कहा कि गुरु ही बाहर भीतर के अंधकार को मिटाने में सक्षम है। यह संसार मिथ्या है, इसलिए राम नाम को जपकर तथा संसार को नाशवान समझकर अपना बेडा भवसागर से पार कर ले। स्वामी टेऊराम महाराज के 136 वे जन्मोत्सव के तहत सोमवार को प्रात: 8 बजे पाठो का भोग लगाकर चालीस दिवसीय पर्व चालीहा महोत्सव का आरती के साथ समापन किया गया। इस दौरान सुबह 8:30 बजे कन्या भोज कराया गया। साय 5 बजे खैरथल रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सेकडो निर्धन लोगो साधुओं को भोजन कराया गया। साय 5 बजे से 7:30 बजे तक सत्संग प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उदयपुर घटना के विरोध में कल किशनगढ़ बास बंद

- पूर्व विधायक यादव ने सर्व समाज के लोगों से खैरथल-किशनगढ़ बास बंद का समर्थन करने का आव्हान किया

किशनगढ़ बास, (निसं)। उदयपुर के व्यापारी कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में संयुक्त व्यापारियों ने 6 जुलाई बुधवार को किशनगढ़ बास कस्बा बंद रखने का आव्हान किया है।

सोमवार को संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों ने बैठक कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और 6 जुलाई बुधवार को सामूहिक निर्णय लेते हुए बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। बैठक में संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, अनाज मंडी अध्यक्ष रमेश चंद्र, किराना मंडल अध्यक्ष मदनलाल, स्वर्णकार एसोसिएशन अध्यक्ष जैनेंद्र सोनी, अग्रवाल बूट हाउस अध्यक्ष ताराचंद बत्रा, वस्त्र व्यापार कमेटी नंदलाल, टेलर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु दयाल, मिष्ठान भंडार अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ऑटोमोबाइल एशियन अध्यक्ष रामेश्वर दयाल गुप्ता, रेडीमेड यूनियन अध्यक्ष वेद प्रकाश, कंप्यूटर एसेशन तेज सिंह सैनी, हार्डवेयर रंग पेंट पहलाद गुप्ता लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय बत्रा बार एसोसिएशन श्री चंद सेन संजय संतोष अग्रवाल सिंघल जनेश भूटानी मनोज मित्तल आदि अनेक व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। दूसरी ओर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने खैरथल किशनगढ़ बास में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में उदयपुर में व्यापारी की निर्मम हत्या की कडे शब्दों में निंदा करते हुए सर्व समाज के लोगों से खैरथल किशनगढ़ बास में बंद का समर्थन करने का आव्हान किया है।

विद्यालय में प्रवेशोत्सव व वृक्षारोपण का आयोजन

श्रीमाधोपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में सोमवार को प्रवेशोत्सव के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन एचडीएफसी बैंक श्रीमाधोपुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार अंकुर ने की।

प्राचार्य अंकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर छात्र को अपने और अपने अभिभावकों के जन्मदिन या उत्सवो पर पौधे जरूर लगाना चाहिए। विद्यालय परिसर में नीम के छायादार 100 से अधिक पौधे लगा रहे हैं। इसी तरह हर छात्र को अपने घर और गांव में एक पौधा जरूरी लगाना चाहिए। 50 बच्चों का प्रवेश हुआ कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक श्रीमाधोपुर के ब्रांच हेड सुमित गुप्ता ने बच्चों को बताया कि जब तक पर्यावरण है तब तक जीवन है अत: हमें पर्यावरण को बचाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। देहात व शहर युवा मोर्चा मंडल श्रीमाधोपुर द्वारा भाजयूमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा का जन्मदिन सोमवार को सेवा कार्य दिवस के रूप में मनाया, इस अवसर पर चन्द्र सैन नालोट प्रदेश सहसंयोजक आजादी का अमृत महोत्सव भाजयुमो राजस्थान के नेतृत्व में नालोट गांव में 11 छायादार पेड लगाए गए, एवं कंचनपुर स्थित गऊशाला में गायों हेतु गोस्वामणी का आयोजन करके गायों को हरा चारा एवं गुड खिलाया गया। एडविकेट कनिष्क गुर्जर अध्यक्ष श्रीमाधोपुर देहात भाजयूमो ने बताया कि युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने जन्मदिवस सेवा कार्य के रूप में मनाने का आव्हान कार्यकर्ताओं से किया था, इस अवसर पर आशुतोष कुमावत प्रदेश सहसंयोजक खेल प्रकोष्ठ भाजपा राजस्थान, प्रियम संघी अध्यक्ष भाजयूमो शहर मंडल, ललित सैन, गुलशन जांगिड, राकेश सोनी, राकेश डोई, नवीन शर्मा, गुलशन चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रथम प्रयास में ही आईएएस बने नमन गोयल का अभिनंदन किया

लालसोट, (निसं)। मंडावरी कस्बे के रहने वाले एवं प्रथम प्रयास में ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हो ऑल इंडिया स्तर पर 30 वीं रेन्क प्राप्त कर आईएएस बने नमन गोयल एवं उनके परिवार जनों का श्री अग्रसेन सेवा समिति द्वारा साफा एवं माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

अग्रवाल समाज के महामंत्री दिनेश मेहरावड वाले ने बताया कि मंडावरी कस्बे के प्रथम भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुए नमन गोयल का प्रथम बार खुद के गृह क्षेत्र मंडावरी कस्बे पहुंचने पर समाज बंधुओं द्वारा सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। महज 23 साल की उम्र में प्रथम प्रयास में ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में अखिल भारतीय स्तर पर तीसवीं रैंक पर चयनित हुए नमन गोयल के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया महाराष्ट्र में जीएम के पद पर कार्यरत हैं एवं माता ग्रहणी है। गोयल द्वारा खुद की पढ़ाई लिखाई खुद के माता-पिता के साथ रहकर पूरी की है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच व समाज के संरक्षक घनश्याम बजाज, अध्यक्ष सुरेश महारिया वाले ,प्रहलाद पटवारी, विमल बोरदी, मिथलेश अग्रवाल, दामोदर चौधरी, मुरारी गोयल, गोपाल गोयल, कमलेश चौधरी, दिनेश मेहरावड, शैलेंद्र बरनाला आदि मौजूद रहे।

मंडावरी में ऑल इंडिया स्तर पर तीसवीं रैंक लाने वाले नमन गोयल का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

एसडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारी का आकस्मिक निधन

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय उपखण्ड कार्यालय पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कमलेश कुमार शर्मा निवासी प्रागपुरा का सोमवार दोपहर करीब 3 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 56 वर्ष के थे एवं लम्बे समय से उपखण्ड कार्यालय पर अपनी सेवायें दे रहे थे। सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेश कुमार आर्य ने बताया कि अचानक तबीयत खराब होने से बेहोश होने पर उन्हें तुरन्त राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पैतृक गांव में सोमवार को ही बेहद गमगीन माहौल में उनका अन्तिम संस्कार किया गया। अन्तिम संस्कार में एसडीएम ऋषभ मण्डल, तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, जयपुर, (जिला जयपुर)
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध मैसर्स रीटा फैब्रिक्स एवं अन्य
वाद बाबत वसूली 2,27,763.00/-रूपये
वाद संख्या-168 सन् 2019

बनाम 1. मैसर्स रीटा फैब्रिक्स एक प्रोपराईटरशिप फर्म दुकान संख्या 288, गली नं. 5, व्यास मार्ग राजापार्क जयपुर-302004 एवं मकान संख्या 381 गुरूनानकपुरा, राजापार्क, जयपुर 302004 एवं मकानसंख्या 2/170, जवाहर नगर जयपुर 302004 जरिये प्रोपराईटर श्रीमती रीटा एलावादी 2.श्रीमती रीटा एलावादी पत्नी श्री अनिल एलावादी प्रोपराईटर मैसर्स रीटा फैब्रिक्स एक प्रोपराईटरशिप फर्म दुकान संख्या 288, गली नं. 5, व्यास मार्ग, राजापार्क जयपुर-302004 एवं मकान संख्या 381, गुरूनानकपुरा, राजापार्क जयपुर 302004 एवं मकान संख्या 2/170, जवाहर नगर जयपुर 302004 वादी बैंक ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद पंजीयत किया है आपको इस न्यायालय में दिनांक 24 माह अगस्त सन् 2022 को प्रात: 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दुस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर,चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 18 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
वरिष्ठ सिविल न्यायधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर
सील

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, जयपुर जिला जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
विरूद्ध रामदयाल
वाद बाबत वसूली 3,08,956.15/- रूपये
वाद संख्या-128 सन् 2018

बनाम रामदयाल पुत्र श्री गोपाल धोबी निवासी-मकान संख्या 200, पवन पुत्र कॉलोनी, करणी पैलेस रोड पांच्यावाला जयपुर-302015 वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 21 माह जुलाई सन् 2022 को प्रात: 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर,चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 18 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
वरिष्ठ सिविल न्यायधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर
सील

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, जयपुर जिला जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
विरूद्ध नन्द किशोर शर्मा
वाद बाबत वसूली 2,00,297.70/- रूपये
वाद संख्या-112 सन् 2018

बनाम नन्द किशोर शर्मा पुत्र श्री हनुमान सहाय शर्मा निवासी : मकान संख्या यू-20, संजय नगर कच्ची बस्ती अजमेर रोड जयपुर 302020 वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 26 माह अगस्त सन् 2022 को प्रात: 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर,चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 18 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
वरिष्ठ सिविल न्यायधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर
सील

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, जयपुर जिला जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
विरूद्ध इकबाल
वाद बाबत वसूली 3,30,972.33/- रूपये
वाद संख्या-107 सन् 2018

बनाम इकबाल पुत्र श्री मोती खान, निवासी-मकान संख्या 3553, भिस्तियों की छोटी मस्जिद, चौकडी तोपखाना, हुजूरी, घाटगेट जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 26 माह अगस्त सन् 2022 को प्रात: 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर,चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 18 माह 06 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
वरिष्ठ सिविल न्यायधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर
सील

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
साधारण प्रारूप
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय सांभरलेक जि. जयपुर
चुन्नीलाल वगैरह बनाम केशाराम वगैरह
प्रार्थना पत्र 9/21
प्रार्थना पत्र 251 ए.रा.टी.ऐ.

बनाम-1.सुन्दरीदेवी पत्नि कानाराम, 2. दानाराम पुत्र कानाराम, 3. पेमाराम पुत्र कानाराम, 4-कैलाश पुत्र कानाराम, 5. सरजू पुत्री कानाराम, 6. संजू पुत्री स्व.कानाराम 7. मोहनी देवी पत्नि खडका, 8. रूकमा पुत्री खडका, 9. ग्यारसी पत्नि लालू, 10. कालू पुत्र लालू, 11. फूलचन्द पुत्र लालू, 12. हनुमान पुत्र लालू, 13. भूरी पुत्री लालू, समस्त जाति कुम्हार निवासी बासडी खुर्द तहसील कि.रेनवाल जिला जयपुर राज.
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 12.7.22 को 10.00 बजे ए.एम. पूर्वान्हे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे तो उक्त आदेश को सुनवायी और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
अतः आज दि. 29.6.22 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर उपखण्ड अधिकारी, सांभरलेक

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothi Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Case No.:OA/110/2022 Exh. No:5687
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules,1993.
To, STATE BANK OF INDIA V/S MR. MANISH KUMAR LOYAL
(1)Mr. Manish Kumar Loyal D/W/S/O- Mr. Subhash Chand Loyal,Flat No. 608, Balaji Tower-I, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Raj-302039 Also At:- Siriyasar Kalyan ka Bas, Siriyasar, Jhunjhunu, Rajasthan-333041
(2) M/s Prem Sagar Infra Projects Pvt Ltd S-1, 2nd Floor, Rishi Residency, Plot No. 11, Mission Compound , Ajmer Road, Jaipur, Raj-302001
SUMMONS
WHEREAS, OA/110/2022 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 03/06/2022. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed againts you for recovery of debts of Rs.7587968/- (application along with copies of documents etc. annexed) In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, You the defendants are directed as under:- (I) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted: (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application: (iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties: (iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal: (v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the application and to appear Registrar on 13/09/2022 at 10:30 A.M failing which the application shall be heard and decided in your absence. Give under my hand and seal of this Tribunal on this date:18/06/2022
Seal Registrar DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR

आर्म विन्सिस टेक प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में) की परिसम्पत्तियों के ई-ऑक्शन के ब्रिकी नोटिस का परिशिष्ट

यह इस समाचार पत्र में 10.06.2022 को आर्म विन्सिस प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में) की परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये प्रकाशित बिक्री नोटिस के संदर्भ में है। बोली आवेदन प्रपत्र के साथ धरोहर राशि (ईएमडी) प्रस्तुत करने तथा ई-ऑक्शन की समय सीमायें निम्न प्रकार बढायी जाती है

बोली आवेदन प्रपत्र तथा ईएमडी के लिये अंतिम तिथि	बोली आवेदन प्रपत्र के साथ रूपये 11,00,000/- (रूपये ग्यारह लाख मात्र) की ईएमडी के प्रति डिमांड ड्राफ्ट (राशि के ऑनलाइन ट्रांसफर के सबूत, परिसमापक के कार्यालय में मंगलवार, जुलाई 12, 2022 को सायं 5.00 बजे से पहले पहुँचने चाहिये।
ई-ऑक्शन तिथी	ई-ऑक्शन गुरूवार, जुलाई 14, 2022 को अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक आयोजित होगा। (5 मिनिट प्रत्येक की असीमित वृद्धि के साथ)

संशोधित समयावधि के साथ यह परिशिष्ट ई-ऑक्शन प्लेटफार्म https://eauctions.co.in पर उपलब्ध है।
स्थान-दिल्ली
दिनांक-3/07/2022
ह. दीपक कुमार गर्ग, अवसायक
Reg. No. IBBI/IPA-002/IP-N00796/2019-2020/12560
पत्राचार का पता-411, एस्सल हाउस, आसफ अली रोड, दिल्ली-110002
IBBI के साथ रजिस्टर्ड पता-शान्ती निकेतन, टिबरा रोड, गली नं.4, मोदी नगर-201204 जिला-गाजियाबाद
Email ID: irp.armwinsys@gmail.com, deepakgarg07@rediffmail.com

फॉर्म-जी
अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के अधीन)

संबंधित विवरण		
1.	कॉरपोरेट देनदार का नाम	अजीत सोलर प्रा. लि.
2.	कॉरपोरेट देनदार के निगमन की तिथि	24/05/2007
3.	उस ऑथेरिटी का नाम, जिसके अधीन कॉरपोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़, जयपुर
4.	कॉरपोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या	U40106RJ2007PTC024478
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई है) का पता	पंजी. कॉर्यालयः नैशनल मोटर्स बिल्डिंग, एम.आई. रोड, जयपुर, राजस्थान-302001
6.	कॉरपोरेट देनदार के सम्बंध में दिवाला प्रारंभ होने की तिथि	26/04/2019
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण की तिथि	05/07/2022
8.	कोड की धारा 25(2)(एच) के अधीन रिजॉल्यूशन आवेदकों के लिए पात्रता निम्नलिखित पर उपलब्ध है:	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता ईमेल cirp.aspl@gmail.com पर लिखकर प्राप्त की जा सकती है।
9.	धारा 29ए के अधीन लागू अयोग्यता के मानक निम्नलिखित पर उपलब्ध है:	धारा 29ए के तहत लागू संभावित समाधान आवेदकों के लिए अपात्रता के मानदंड ईमेल cirp.aspl@gmail.com पर लिखकर प्राप्त किए जा सकते हैं। या आईबीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट www.ibbi.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है
10.	अभिरूचि के अभिव्यक्ति के प्राप्ति की अंतिम तिथि	20/07/2022
11.	संभावी रिजॉल्यूशन आवेदकों के अनंतिम सूची निर्गमन की तिथि	25/07/2022
12.	अनंतिम सूची के आपत्तियों को जमा करने की अंतिम तिथि	30/07/2022
13.	संभावी समाधान आवेदकों की अंतिम सूची निर्गमन की तिथि	04/08/2022
14.	संभावी रिजॉल्यूशन आवेदकों को सूचना ज्ञापन, इवैल्यूएशन मैट्रिक्स तथा समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध के निर्गमन की तिथि	30/07/2022
15.	रिजॉल्यूशन योजना के लिए अनुरोध, इवैल्यूएशन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अधिक जानकारी प्राप्त करने का तरीका	आरपी मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन, समाधान योजना के लिए अनुरोध और गोपनीयता उपक्रम के निष्पादन और ईओआई की अन्य शर्तों का पालन करने पर ईमेल के माध्यम से आगे की जानकारी साझा करेगा।
16.	रिजॉल्यूशन योजना को जमा करने की अंतिम तिथि	29/08/2022
17.	रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के पास समाधान योजनाओं को जमा करने का तरीका	सीलबंद लिफाफे में पेन ड्राइव में पासवर्ड से सुरक्षित डिजिटल कॉपी और ईमेल cirp.aspl@gmail.com पर क्रम संख्या 21 में उल्लिखित पते पर डाक या हाथ द्वारा वितरण
18.	अनुमोदन के लिए न्याय निर्णयन प्राधिकारी के पास रिजॉल्यूशन योजना को जमा करने की अनुमानित तिथि	15/09/2022
19.	रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या	देवेन्द्र सिंह IBBI/IPA-002/IP-N00001/2016-17/10001
20.	रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का नाम, पता तथा ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है	देवेन्द्र सिंह एसोटेक बिजनेस क्रेस्टररा, कार्यालय नं. 216, द्वितीय तल, टॉवर-1, सेक्टर-135, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201305 ईमेल आईडी: dev_singh2006@yahoo.com
21.	रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई-मेल	एसोटेक बिजनेस क्रेस्टररा, कार्यालय नं. 216, द्वितीय तल, टॉवर-1, सेक्टर-135, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201305 ईमेल आईडी: cirp.aspl@gmail.com
22.	अधिक विवरण निम्नलिखित पर या के पास उपलब्ध है	अधिक जानकारी ईमेल cirp.aspl@gmail.com पर भेजकर प्राप्त की जा सकती है
23.	फॉर्म-जी के प्रकाशन की तिथि	05/07/2022

हस्ता/-
देवेन्द्र सिंह
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
अजीत सोलर प्रा. लि.
पंजी नं. IBBI/IPA-002/IP-N00001/2016-17/10001
एसोटेक बिजनेस क्रेस्टररा, कार्यालय नं. 216, द्वितीय तल, टावर-1, सेक्टर-135, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201305
ईमेल आईडी: cirp.aspl@gmail.com
तिथि: 05-07-2022
स्थानः नोएडा

संक्षिप्त

प्रशासन स्थापना समिति की बैठक

मालपुरा, (निसं)। पंचायत समिति सभागार में प्रधान सकराम चौपडा की अध्यक्षता में पंचायत समिति की प्रशासन स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान तीन नवचयनित अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। पंचायत समिति के कार्यवाहक विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार जैन, सीबीईओ गिर्राज प्रसाद गुप्ता, उप प्रधान मुलशंकर शर्मा, सीआर भंवर लाल मुवाल, विनोद कंवर, हेमराज वर्मा व संतोष कंवर की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

स्वामी विवेकानन्द की पुण्यतिथि मनाई

कोटपूतली। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने भीमसिंह पायला के नेतृत्व में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पायला ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी आध्यात्मिक सोच से पूरी दुनिया को हतप्रभ कर भारतीय दर्शन, संस्कृति और शास्त्रों के ज्ञान से पूरे विश्व को परिचय कराया था। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, अनिल सोनी, रवि गुर्जर, उदमी, अंकित, अमित सहित अन्य मौजूद थे।

35 वर्षों से बंद पड़े रास्ते को पुलिस व राजस्व टीम ने चालू कराया

लालसोट, (निसं)। उपखंड के काकरिया ग्राम में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम एवं मंडावरी थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर करीब 35 वर्षों से बंद पडे करीब 2 किलोमीटर लंबे आम रास्ते को अतिक्रमण हटाकर सुचारू कराया गया।

एसडीएम मोहर सिंह मीणा के निर्देशों पर तहसीलदार मदन लाल मीणा द्वारा नायब तहसीलदार जगदीश प्रसाद मीणा के नेतृत्व में गिरदावर कमलेश मीणा, छगन लाल मीणा व जिला पटवार संघ के अध्यक्ष सीताराम मीणा, वीपी सिंह मीणा, भंवरलाल जांगिड़, रूप सिंह मीणा, मुनेश कुमार मीणा आदि की राजस्व टीम के एवं मंडावली थाना अधिकारी रामपाल मीणा व अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से लंबे अरसे से अतिक्रमण कर बंद किए गए आम रास्ते को चालू कराया गया। जिला पटवार संघ के अध्यक्ष सीताराम मीणा ने बताया कि इस राजीव गांधी सेवा केंद्र से बगडी गांव को जोडने वाले आम रास्ते को अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर बंद कर रखा था। इस रास्ते को अतिक्रमण हटा सुचारू करने के लिए विगत 21 जून को भी प्रयास किया गया था लेकिन पूर्ण अतिक्रमण नहीं हटने के कारण सोमवार को दोबारा से आम रास्ते को सुचारू करने के लिए राजस्व विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर अति उपयोगी व महत्वपूर्ण इनाम राशि के अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को सुचारू करवाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा था विरोध किया गया जहां पर राजस्व टीम द्वारा लोगों को रिकॉर्ड दिखाकर समझाइश की गई। राजस्व कर्मियों की समझाइश के बाद रिकॉर्ड देखकर अतिक्रमण करने वाले विरोध कर रहे लोग शांत हुए एवं अतिक्रमण हटा रास्ता सुचारू करने के लिए राजी हुए।

- दिनभर चली अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, विरोध करने वालों को रिकॉर्ड दिखाकर समझाया

लालसोट क्षेत्र के काकरिया ग्राम में राजस्व टीम व पुलिस प्रशासन ने 2 किलोमीटर लंबे रास्ते से अतिक्रमण हटाकर मार्ग सुचारु कराया।

कालबेलिया समाज को भूमि आवंटन करने की मांग

टोंक, (निसं)। घुमन्तु, अर्द्ध घुमन्तू एवं विमुक्त जाति परिषद टोंक ने कालबेलिया समाज को भूमि आवंटन करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

परिषद के जिलाध्यक्ष रामलाल कालबेलिया, मालपुरा तहसील के ग्राम सिंधोलिया के भंवरलाल, इन्द्रा, कजोड, परमेश्वर, रामकुंवार, पतडा देवी, कल्याण, राजू, कन्हैया आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम सिंधोलिया में कालबेलिया समाज के 40-50 सालों से निवास कर रहा है। इन लोगों के विद्युत कनेक्शन लगे हुए हैं, शौचालय बने हुए हैं और कच्चे मकान बने हुए हैं, 2017 में प्रधानमंत्री आवास योजना में इनके नाम आए हुए हैं, लेकिन ग्राम पंचायत सिंधोलिया द्वारा इनको आवंटन नहीं कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा सिवायचक भूमि बताया जा रहा है। आए दिन पंचायत प्रशासन द्वारा नोटिस देकर व जेसीबी भेजकर समाज के लोगों को बने हुए मकान को तोडने की धमकी देते है। इस बारिश की घडी में भी परेशान किया जा रहा है, जिससे गरीब परिवार के लोग व बालक परेशान है। उन्होंने मांग की है कि सरकार द्वारा जो 2017 में प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि आवंटन किए गए है,जो आवंटित किए जाएं।

सार-समाचार

जिला प्रमुख ने चौधरी चरण सिंह मंच को जमीन दान दी

बहरोड़/मुंडावर, (निसं)। 4 जुलाई को जिला प्रमुख बलवीर सिंह ने चौधरी चरण सिंह विकास मंच परगना जिंदोली के नाम पूर्व में घोषणा की गई एक बीघा जमीन चौधरी चरण सिंह विकास मंच समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम आज रजिस्ट्री करवा कर जमीन के कागजात समिति अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को सौंपे। जिला प्रमुख ने मुंडावर तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर समाज के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवा कर कागज सौंपने का कार्य किया। गौरतलब है कि जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने पूर्व में चौधरी चरण सिंह की विकास मंच के लिए पूर्व में एक बीघा जमीन दान देने की घोषणा की गई थी। इस कार्रवाई में समाज के वरिष्ठ नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष सर्वसम्मति से चौधरी चरण सिंह विकास मंच जिंदोली परगना समिति का गठन किया था। जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने समिति को 1 माह पूर्व ही मौके पर स्वयं जमीन खोद और समतलीकरण करते हुए गुड बांटकर जमीन दान की थी। जिसकी अब अंतिम कार्यवाही जमीन की रजिस्ट्री करवा कर पूर्ण कर दी। समिति अध्यक्ष तथा उपस्थित जाट समाज के लोगों ने इस नेक कार्य के लिए समाज की ओर से आभार प्रकट किया।

एसआई व एएसआई के हुए ट्रांसफर

कोटपूतली, (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा जयपुर देहात पुलिस बेडे में बडे पैमाने पर तबादले किये गये है। इनमें 11 एसआई, 36 एएसआई व 38 हैड कानि.व कानि. को ईधर-उधर किया गया है। कोटपूतली सर्किल में स्थित पुलिस थानों की बात की जाये तो प्रागपुरा थाने पर तैनात एसआई राजवीर सिंह को चौकी माधोराजपुरा, पुलिस लाईन से एसआई रविन्द्र कुमार को कोटपूतली थाना, कोटपूतली थाने पर तैनात एसआई सुशीला मीणा को फागी थाने पर लगाया गया है। सरूण्ड थाने पर तैनात एएसआई लक्ष्मण सिंह को भाबरू थाना, कोटपूतली थाने पर तैनात एएसआई बुधाराम को सरूण्ड थाने के चौकी गोरधनपुरा, प्रागपुरा थाने पर तैनात एएसआई धंवलाराम को सामोद थाना, प्रागपुरा थाने की दांतिल चौकी पर तैनात एएसआई बहादुरमल को अमरसर थाना, सरूण्ड थाने की चौकी गोरधनपुरा पर तैनात एएसआई हजारी राम को पुलिस लाईन, सामोद थाने पर तैनात एएसआई जयराम को प्रागपुरा थाना, कोटपूतली थाने पर तैनात एएसआई राकेश कुमार को अचरोल चौकी थाना चंदवाजी, अमरसर चौकी पर तैनात एएसआई हरिराम को कोटपूतली थाना, पुलिस लाईन से एएसआई राजवीर सिंह को थाना कोटपूतली, कोटपूतली थाने से एएसआई अशोक कुमार को रायसर थाना व मनोहरपुर थाने से एएसआई बहादुर सिंह को सरूण्ड थाने पर लगाया गया है।

पाटोत्सव पर हुए धार्मिक आयोजन

मालपुरा, (निसं)। शहर के पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मंदिर प्रांगण में सोमवार को शिव परिवार का बीसवां पाटोत्सव मनाया गया। शिव परिवार की नयनाभिराम फूल बंगला झांकी सजाई गई। सत्यनारायण, जगदीश प्रसाद, श्याम सुन्दर विजय डुंगरीवालों के परिवारजनों ने शिव परिवार के बीसवें पाटोत्सव का पुण्य अर्जित किया। वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव परिवार का जलाभिषेक, पंचामृत स्नान, हवन यज्ञ, अखण्ड रामचरित मानस पठन एवं बाल भोग पंगत प्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। बारादरी रामचरित मानस मंडल की हुई बैठक में मंदिर में श्रावण मास अखण्ड रामायण पठन सहित पवित्र श्रावण मास से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

भैरूजी मंदिर की दीवार टूटी

सांभरझील, (निसं)। यहां राजपथ पर पुरानी कोतवाली के अटैच प्राचीन भैरूजी मंदिर की दीवार फटने से गिरने जैसी स्थिति में आ गयी है। इस दीवार की नये सिरे से मरम्मत की खास जरूरत है, अन्यथा तेज बारिश में इस दीवार के गिरने से इंकार नहीं किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर के अंदर पीपल का कई दशकों पुराना पीपल का वृक्ष है, जिसकी जड़े अंदर तक जाने के कारण इस दीवार का फटना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वार्ड की पार्षद सुशीला शर्मा की ओर से इस प्राचीन भैरूजी मिंदर के अस्तित्व को बचाये रखने हेतु पालिका प्रशासन के माध्यम से इसकी क्षितग्रस्त दीवार को ठीक करवाये जाने का अनुरोध भी किया गया है।

प्रधान ने जनसुनवाई के दौरान विकास कार्यों की घोषणा की

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। बहरोड़ तहसील के पंचायत समिति क्षेत्र ग्राम पंचायत ढूंढारिया में जनसुनवाई का कार्यक्रम सरोज बस्तीराम यादव प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

प्रधान ने जन सुनवाई के दौरान सरपंच, पं. स. सदस्य व ग्रामवासियों के मांगपत्र को ध्यान में रखते हुए हरिजन कॉलोनी में वाटर कूलर, श्मशानों में दो टीन शेड, रोड से श्मशानों तक पक्का रास्ता तथा ओपन जिम आदि कार्यों को आगामी वर्ष की कार्य योजना में एक-एक करके सभी कामों को करवाने की घोषणा पंचायत समिति कोटे से की गई। ग्राम वासियों द्वारा अतिथियों का डीजे, साफा एवम फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बहरोड़ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने तथा क्षेत्र में शांति कायम करने सहित कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना प्राथमिकता बताया तथा आने वाले समय में सभी के साथ मिलकर बहरोड़ के विकास को नए आयाम का रूप देने की बात कही। बहरोड़ क्षेत्र के एमएलए को विकास कार्य रास नहीं से विकास कार्यों में बाधा डालकर विकास कार्यों को रूकवाने के में आए दिन पंचायत समिति बहरोड़ में अडंगा लगाने की नाकाम कोशिश करने में लगे रहने पर भी कमजोर नहीं चाहे कितने भी विकास अधिकारी बदलवा दे विकास कार्यों को नहीं रुकने दिया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अशोक यादव द्वारा की गई। इस दौरान पूर्व उपप्रधान विक्रम सिंह यादव, कर्मवीर यादव, जोगेन्दर सिंह यादव, सरपंच सुरेश भेडी, सरपंच राव धर्मसिंह, वेद कृष्णा, जगराम प्रजापत, सरपंच कृष्ण मीणा बसई, पूर्व पं. स. सदस्य देवदत्त, भामाशाह राजाराम यादव ऐडवोकेट, एडवोकेट हितेन्द्र यादव, सुनील चौहान, संजय बोहरा, श्योताज सरपंच, डॉक्टर जयपाल, सिकन्दर यादव मनोज यादव एडवोकेट, सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष नौजवान बच्चे व जनप्रतिनिधिगण साथ उपस्थित रहे।

योग शक्ति कार्यक्रम का तीसरा शिविर आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से समर्थ सशक्त अभियान के तहत विश्व योग दिवस से प्रारम्भ योग शक्ति कार्यक्रम का तीसरा शिविर कस्बे के नागाजी की गौर स्थित कान्हा मैरीज गार्डन में आयोजित हुआ। इस मौके पर अभियान संयोजक मुकेश गोयल ने कहा कि योग शक्ति कार्यक्रम मानव जीवन को स्वस्थ्य एवं खुशहाल बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास होता है, हमें महज कुछ आसनों का अभ्यास करने मात्र से ही शारीरिक ताजगी व मानसिक एकाग्रता तो प्राप्त होती ही है साथ ही जीवन शैली भी प्रभावित होती है। योगाचार्य राजेश कुमार लखेरा ने योग प्राणायम व आसन का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विजय कुमार आर्य, रविन्द्र बाघोतिया, घनश्याम चौहान, दयाराम कुमावत, प्रफुल्ल रमन, रामजीलाल वर्मा, छीतरमल सैनी, हजारीलाल सैनी, ताराचन्द सैनी, अरविन्द कुमार सैनी, घनश्याम कुमावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सैनी समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

कोटपूतली, (निसं)। सैनी सभा संस्था द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में कस्बे में सैनी समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को डाबला रोड स्थित नारायणा मैरीज गार्डन में बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में नव युगल विवाह बंधन में बंधे। वहीं बड़ी संख्या में अतिथियों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। सम्मेलन की शुरूआत प्रात: 10.15 बजे सैनी सभा भवन नं. 01 से शुरू हुई। जहां से बारात रवाना होकर डाबला रोड स्थित श्री नारायणा मैरीज गार्डन में पहुंची। विवाह स्थल पर तोरण के बाद पाणिग्रहण संस्कार समेत अन्य वैवाहिक रस्मों का आयोजन किया गया। इस मौके पर अवध बिहारी मन्दिर के महन्त महामण्डलेश्वर डॉ. बालेश्वर दास महाराज, भोमियां मन्दिर के महन्त जानकी दास महाराज, नागाजी मंदिर के महन्त महंत मक्खन दास महाराज के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले व मां सावित्री बाई फूले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर नव विवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया गया। संस्था अध्यक्ष राकेश सैनी व विवाह समिति अध्यक्ष रामकुमार सैनी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने समस्त अतिथियों का माल्यार्पण करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, सैनी विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गुड्डू सैनी शाहपुरा, पप्पू प्रधान अलवर, तिजारा नगर पालिकाध्यक्ष झब्बूराम सैनी, सैनी सभा नारनौल के अध्यक्ष भगवानदास सैनी, विराटनगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पोकरमल सैनी समेत बर्डोद, थानागाजी, नारायणपुर, रसनाली, बानसूर, नांगल चौधरी आदि क्षेत्रों से सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

सम्मेलन में नव-युगल विवाह बंधन में बंधे।

आपत्तिजनक स्टेटस लगाने पर युवक गिरफ्तार

मालपुरा, (निसं)। देश व प्रदेश में वर्तमान हालातों को मध्य नजर रख शांति व कानून व्यवस्था के साथ-साथ साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखे जाने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा बार-बार समझाइश व अपील के बावजूद एक युवक द्वारा आपत्तिजनक स्टेटस लगाने पर युवक को गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखे जाने को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बार-बार आमजन से अपील भी की जा रही है। लेकिन इन सब के बावजूद एक युवक प्रधान पुत्र पन्नालाल जाट निवासी डुंगरीखुर्द ने मोबाईल पर आपत्तिजनक स्टेटस लगा समुदाय विशेष की धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास किये जाने पर युवक को गिरफ्तार कर सीआरपीसी की धारा 108,151 में मामला दर्ज किया गया।

जलभराव को लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन किया

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अंतर्गत वार्ड संख्या 14 में जलजमाव की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। शुरुआती बारिश में ही बाढ़ जैसी स्थिति पूरे वार्ड में बनी हुई है।

पानी भर जाने की वजह से महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है। विगत कई वर्षों से इस वार्ड में जलजमाव की समस्या है। इसे लेकर कई बार ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि वार्ड नं 14 की शर्मा कॉलोनी में समस्याओं का अबार है। मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है जहां पर जल भराव होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वहीं सोमवार को वार्ड की महिलाओं ने नगर पालिका में आकर प्रदर्शन करते हुए इस समस्या से निजात दिलाने के लिए वार्ड में सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग रखी।

- वार्ड संख्या 14 में जलजमाव की समस्या, स्थानीय लोग परेशान

जिस पर पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ईओ हरिनारायण यादव ने जल्दी ही समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में नीरज सैन, पूर्व वार्ड पार्षद वीरेन्द्र बंसल, विमल गर्ग, प्रकाश सिंघल, श्यामजी गुरुजी, मीना मित्तल, पूर्व वार्ड पार्षद बनारसी देवी, मीरा देवी, नीरज मित्तल, राजकुमार सैन, महेंद्र यादव, राहुल सिंघल, श्रवण बंसल सहित वार्डवासियो ने शासन प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराने की कोशिश की है।

लापता लड़की को बरामद करने की मांग

टोंक, (निसं)। गुर्जर समाज के लोगों सहित भाजपा नेताओं ने गुर्जर समाज की लड़की के लापता मामले में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और लापता नाबालिग लड़की को शीघ्र बरामद करने की मांग की है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा व पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, खेमराज मीना, रामअवतार धाभाई, गुड्डू खटीक, विष्णु चावला, जय नारायण वर्मा, नेहन लाल पटेल, गणेश गुर्जर, कैलाश गुर्जर, राजाराम गुर्जर, देवराज खाटरा, मोहन गुर्जर, हंसा गुर्जर सहित सैंकडों गुर्जर समाज के लोगों ने एसपी से मिलकर बताया कि 29 जून से सदर थाना अंतर्गत संतोष नगर से गुर्जर समाज की एक नाबालिक लडकी लापता है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

पावटा महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

पावटा, (निसं)। पावटा राजकीय महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम (कला संकाय) में सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

प्राचार्य. डॉ रेणु माथुर ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन 27 जून से ई-मित्र के माध्यम से भरने शुरू हो गए हैं। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 9 जुलाई है। अंतरिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 13 जुलाई को किया जाएगा। वरीयता एवं प्रतीक्षा सूची में आने वाले अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 18 जुलाई है।

नोडल अधिकारी डॉ. प्रीतम राज ने बताया कि विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय पासपोर्ट साइज की फोटो, जन आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या की प्रतिलिपि, बोनस हेतु प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र (ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र 27 जून 2019 से पुराना नहीं हो, एक वर्ष से अधिक पुराना होने पर क्रीमीलेयर नहीं होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसी भी स्थिति में तीन वर्ष से पूर्व का जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। स्नातक पार्ट प्रथम के प्रवेश समन्वयक डॉ. आर के सिंह ने बताया कि स्नातक पार्ट प्रथम कला वर्ग में विद्यार्थियों को विषय संयोजन सावधानीपूर्वक भरना होगा। ऑनलाईन आवेदन के समय भरे हुए विषय संयोजन के आधार पर वरीयतानुसार विषय आवंटन किए जाएंगे। विषय संयोजन गलत भरने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के लिए मूल अंकतालिका, टीसी एवं सी.सी की आवश्यकता नहीं है। अत: विलम्ब किए बिना ही सावधानीपूर्वक आवेदन करें।

उदयपुर हत्याकाण्ड को लेकर कोटपूतली में आक्रोश, व्यापारियों ने रैली निकाली

कोटपूतली, (निसं)। विगत दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल टेलर की निर्मम हत्या के घटनाक्रम को लेकर कोटपूतली में आमजन के बीच निरन्तर आक्रोश व्याप्त है।

कस्बे में घटनाक्रम के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, आरएसएस, भाजपा व संत समाज समेत विभिन्न संगठनों द्वारा निरन्तर कडी कार्यवाही की मांग को लेकर राज्यपाल व राष्ट्रपति को निरन्तर ज्ञापन प्रेषित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कस्बे के व्यापारियों का भी आक्रोश देखने को मिला। नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथली शरण बंसल के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में व्यापारियों ने उपखण्ड कार्यालय तक पैदल मार्च कर घटनाक्रम के विरोध में जमकर नारेबाजी की। वहीं एसडीएम ऋषभ मण्डल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कडी कार्यवाही की मांग भी की। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष मैथली शरण बंसल समेत रमेश किताब वाला, सुरेश मोठुका, नवल खण्डेलवाल, कृष्ण चन्द्र बंसल, नृसिंहदास अग्रवाल, धर्मपाल सोनी, हरिराम सैनी, संजय बंसल, नवीन खजांची, उमेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, प्रहलाद चंद, अजय बंसल, गुरूप्रसाद अग्रवाल, प्रमोद बंसल, अभिषेक अग्रवाल, होशियार कसाना, अनिल बंसल, अनूप बंसल, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, प्रवीण बंसल, हिमांशु मिश्रा, कुलदीप बंसल, अरविन्द शरण बंसल आदि व्यापारियों ने अवगत करवाया कि व्यापारी कन्हैया लाल टेलर की जघन्य हत्याकाण्ड के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जायें। ताकि राजस्थान में सुशासन व अपराधियों में भय व्याप्त हो। घटनाक्रम में लापरवाही बरतने वाले समस्त पुलिस प्रशासन के दोषी अधिकारियों को बर्खास्त कर निष्पक्ष जाँच की जायें।

स्पष्ट है कि पुलिस द्वारा समयपूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कन्हैयालाल को सुरक्षा दी जाती तो ऐसी अमानवीय घटना सामने नहीं आती। व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने घटनाक्रम की कडे शब्दों में निन्दा करते हुए प्रदेश की सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस्तीफे की मांग भी की।

कोटपूतली में व्यापारियों ने रैली निकालकर उपखण्ड अधिकारी ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपा।

गोविंदगढ़ कस्बा बंद का आव्हान

गोविंदगढ़ /अलवर, (निसं)। उदयपुर में हुए हत्याकांड को लेकर गोविंदगढ़ कस्बा 5 जुलाई को बंद किए जाने के आव्हान को लेकर पुलिस थाना गोविंदगढ़ में सीएलजी सदस्य एवं व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक तहसीलदार विनोद कुमार मीणा एवं थानाधिकारी शिव शंकर शर्मा के द्वारा ली गई। जिसमें व्यापार मंडलों से वार्ता की गई साथी सीएलजी सदस्यों से भी वार्ता की गई।

सीएलजी बैठक में गोविंदगढ़ कस्बे के संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अजय मेठी सहित विभिन्न व्यापार मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। इसके अलावा कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। जिनसे तहसीलदार विनोद कुमार मीणा एवं थानाधिकारी शिव शंकर शर्मा के द्वारा वार्ता की गई और क्षेत्र के हालातों के बारे में जानकारी ली गई साथ ही उनके द्वारा क्षेत्र में भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। बैठक के बाद तहसीलदार विनोद कुमार मीणा ने बताया कि व्यापारी विरोध स्वरूप अपने प्रतिष्ठान बंद रख सकता है बाकी किसी से जोर जबरदस्ती नहीं की जाएगी।

घर-घर कचरा संग्रहण ठेके में भ्रष्टाचार का आरोप

टोंक, (निसं)। घर-घर कचरा संग्रहण ठेके में भ्रष्टाचार कर राज्य सरकार को राजस्व हानी पहुंचाने की मांग को लेकर प्रमुख सचिव नगरीय विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

मो. विकास खान ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि 3 जून को नगर परिषद टोंक द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण हेतु सफाई के ठेके की निविदा जारी की गई थी, जिसमें कुल 15 जोन में वार्डों को बांटकर 46-46 लाख रुपये प्रत्येक जोन के हिसाब से टेंडर जारी किया गया है, जिसकी लागत लगभग 7 करोड रुपये है। नगर परिषद टोंक के पास कुल 469 सफाई कर्मचारी उपलब्ध है, सफाई संसाधनों में कचरा संग्रहण की 40 गाड़ियां, 6 ट्रैक्टर, 2 जेसीबी, 2 डंपर सहित 15 ट्रैक्टर किराए पर लिए हुए हैं, इसके अतिरिक्त 2 जैसीबी भी किराए पर ले रखी हैं। साथ ही कचरा बॉक्स उठाने की 3 गाडियां, 3 ई-रिक्शा और 4 जेट मशीन नगर परिषद टोंक के पास उपलब्ध है, उक्त संसाधनों के साथ 3 करोड रुपए प्रति वर्ष का व्यय कर कचरा संग्रहण किया जा रहा है, परंतु उसके बावजूद घर-घर कचरा संग्रहण करने हेतु नया टेंडर जारी किया गया, जिसमें इस टेंडर के द्वारा मात्र राजस्व हानि के अलावा और कुछ लाभ नहीं हो सकता।

- प्रमुख सचिव नगरीय विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में बताया कि उक्त टेंडर में मौजूदा शर्तों को देखते हुए किसी व्यक्ति विशेष या फर्म को लाभ पहुंचाने की नियत से टेंडर जारी किया गया है। उक्त टेंडर लगभग 7 करोड रुपए का है, उसके बावजूद इसका नगर परिषद बोर्ड की मीटिंग में अनुमोदन नहीं किया गया जिससे भ्रष्टाचार होना संभावित है। उन्होंने बताया कि उक्त टेन्डर के लिए प्रथम निविदा 11 जनवरी 22 को जारी की गई, जिसमें लागत प्रति जोन 70.20 लाख रुपये मानी गई थी, जबकी वर्तमान में 3 जून 22 को जारी किये गए टेन्डर में प्रति जोन लागत 46 लाख रुपये आंकी गई है। उक्त टेन्डर द्वारा एक ही फर्म को लाभ पहुंचाने की नियत से प्रथम निविदा में शर्त डाली गई की उक्त टेन्डर 10 प्रतिशत की बढोतरी के साथ वर्ष 2029 तक बढाया जा सकेगा एवं इसी नियत से वर्तमान टेन्डर को 10 प्रतिशत की बढोतरी के साथ वर्ष 2025 तक बढाया जा सकेगा। उक्त टेन्डर के लिए कुल तीन कॉपियों डाली गई है एवं तीनों फर्म एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं एवं मुख्य निविदाकर्ता बालाजी एंटरप्राइसेस है, जिसके ही नाम पर निविदा खुलना संभावित है। उक्त टेन्डर में एक बडी फर्म को ही योग्य करार देने की गरज से उक्त टेन्डर में शर्त डाली गई की योग्य फर्म के बैंक अकाउंट में टेन्डर राशी का दो गुना राशी बैंक से जमा हो अथवा सी सी लिमिट हो साथ ही 2 वर्ष का कम से कम ओसत टर्नओवर 1.5 करोड रूपये हो। ज्ञापन में बताया कि उक्त टेन्डर से राजस्थान सरकार व नगर परिषद टोंक को लाखों रू. का नुकसान होने की उम्मीद है।

भारत ने शायद कप्तान के तौर पर पैट कमिंस और स्टोक्स की सफलता का अनुकरण करते हुए मौजूदा टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तान नियुक्त किया। यह एक साहसी नियुक्ति है और बुमराह के लिए बहुत कुछ है।

- इयान चैपल

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, जसप्रीत बुमराह के बारे में।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — हरमनप्रीत कौर

महिला बिग बैश लीग के क्लब मेलबर्न रेनेगेड्स ने भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ आगामी सीजन के लिये दोबारा अनुबंध किया है। रेनेगेड्स ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, ''महिला बिग बैश लीग के पिछले सत्र की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ एक और सत्र के लिये जुड़ेंगी। डब्ल्यूबीबीएल-7 में हरमनप्रीत ने रेनेगेड्स के लिये सर्वाधिक रन बनाने के साथ-साथ सबसे ज्यादा विकेट भी लिये थे।दाएं हाथ की बल्लेबाज हरमनप्रीत ने 58 के औसत से 406 रन बनाए और अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 15 विकेट भी लिये।

क्या आप जानते हैं ?... मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो डी जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

रुट और बेयरस्टो के अर्द्धशतक, इंग्लैंड को मिली जीत की सुगंध

बर्मिंघम, 4 जुलाई। जो रुट (नाबाद 76) और जानी बेयरस्टो (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 150 रन की अविजित साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सोमवार को तीन विकेट पर 259 रन बना लिए। इंग्लैंड को यह मैच जीतने और सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल करने के लिए 119 रन की जरूरत है जबकि सीरीज 3-1 से जीतने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सात विकेट निकालने की जरूरत है। मैच में इस समय इंग्लैंड का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

